

म.प्र. स्थापना दिवस आज

दैनिक

# रेवांचल टाइम्स

निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

■ वर्ष - 09 ■ अंक - 208 ■ मंडला, शनिवार 1 नवम्बर 2025 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-1 रूपये ■ विक्रम संवत् 2082 शक 1935 ■ www.revanchaltimes.com RNI. Reg. No MPHIN/2016/69877



देवउठनी ग्यारस आज

ऑस्ट्रेलिया ने 126 रन का टारगेट 13.2 ओवर में चेज किया; काम न आई अभिषेक शर्मा की पारी

# भारत दूसरा टी-20 मैच 4 विकेट से हारा

**मेलबर्न। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 4 विकेट से हार गई है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 126 रन का टारगेट 13.2 ओवर में 6 विकेट पर चेज कर लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम 18.4 ओवर में 125 रन पर ऑलआउट हो गई।**

शुभमन गिल (5 रन), संजू सैमसन (2 रन), तिलक वर्मा (जीरो) और सूर्यकुमार यादव (एक रन) पावरप्ले के अंदर पवेलियन लौट गए। ऐसे में अभिषेक शर्मा ने हर्षित राणा के साथ अर्धशतकीय साझेदारी करके स्कोर 125 तक पहुंचाया। अभिषेक ने 37 बॉल पर 68 रन बनाए। 9 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। ऑस्ट्रेलिया से जोश हेजलवुड ने 3 विकेट झटके। जेवियर बार्टलेट और नाथन एलिस को 2-2 विकेट मिले। एक विकेट स्टोयनिस को मिला। 2 बैटर्स रनआउट हुए। रन चेज में ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान मिचेल मार्श ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव को 2-2 विकेट मिले। हर्षित राणा को कोई विकेट नहीं मिला। हालांकि, उन्होंने बैट से योगदान दिया और 35 अहम रन बनाए। **ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 1-0 से आगे, पहला मैच बेनतीजा रहा-** इस जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का तीसरा मुकाबला हॉबर्ट में 2 नवंबर को खेला जाएगा। पहला मुकाबला बारिश के कारण बेनतीजा रहा था। भारतः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह। ऑस्ट्रेलियाः मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), टिम डेविड, मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोयनिस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मैथ्यू कुह्नेमन, जोश हेजलवुड।



### बुमराह ने लगातार 2 बॉल पर विकेट लिए

13वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट झटके। उन्होंने चौथी बॉल पर मिचेल ओवेन को विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। उसके बाद 5वीं बॉल पर मैथ्यू शॉर्ट को बोल्ड कर दिया।

### ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 100 पार

10वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। कुलदीप यादव के ओवर की 5वीं बॉल पर जोश इंग्लिस ने 3 रन दौड़कर टीम स्कोर 100 पार पहुंचाया। **ऑस्ट्रेलिया ने भारत से बेहतर शुरूआत की-** 126 रन का टारगेट चेज कर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत से बेहतर शुरूआत की है। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में एक विकेट खोकर 56 रन बना लिए हैं। ट्रैविस हेड 28 रन बना लिए हैं।

### हेड 28 रन बनाकर आउट, ऑस्ट्रेलिया 50 पार

5वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने पहला विकेट गंवाया। यहां पर ट्रैविस हेड 28 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वरुण चक्रवर्ती ने बाउंड्री पर तिलक हाथों में कैच कराया। तिलक ने बाउंड्री के बाहर जाकर बॉल को उछाला और वापस आकर कैच किया। इसी ओवर में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 50 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया।

### हर्षित राणा ने एक ओवर में 20 रन दिए

ऑस्ट्रेलियाई पारी के चौथे ओवर में हर्षित राणा ने 20 रन खर्च किए। ट्रैविस हेड ने उनकी पहली बॉल पर छक्का लगाया। तीसरी बॉल नो रही। इस पर भी चौका आया। फिर मिचेल मार्श ने चौथी बॉल पर छक्का लगाया।

### मिचेल मार्श के 2 हजार टी-20 रन पूरे

दूसरे ओवर में मिचेल मार्श ने टी-20 करियर में 2 हजार रन पूरे कर लिए। उन्होंने हर्षित राणा के ओवर की 5वीं बॉल पर एक रन लिया और यह अचीवमेंट हासिल की।

### नाथन एलिस के ओवर में दो विकेट, भारत 125 पर ऑलआउट

19वां ओवर डाल रहे नाथन एलिस की बॉल पर दो विकेट आए। उन्होंने अभिषेक शर्मा को छइह किया। जबकि जसप्रीत बुमराह जीरो पर रनआउट हो गए।

सरकार ने राजस्व विभाग को लिखा पत्र

## एमपी गवर्नमेंट प्रेस के डिप्टी कंट्रोलर पर होगी कार्रवाई

**भोपाल।** एमपी के गवर्नमेंट प्रेस के डिप्टी कंट्रोलर और क्लास वन अधिकारी लॉरेंस रॉबर्टसन के खिलाफ कार्रवाई होना तय माना जा रहा है। दरअसल, लॉरेंस रॉबर्टसन की नियुक्ति पिछले 21 साल से शक के दायरे में हैं। उन्होंने एक फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी की है। खबर में सारे तथ्यों को दस्तावेज समेत उजागर किया था। साथ ही ये भी बताया था कि इसे लेकर कई बार शिकायत हो चुकी हैं, मगर राबर्टसन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। रिपोर्टर ने लॉरेंस से उनका पक्ष भी जाना, मगर वो अनुभव प्रमाण पत्र को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए थे।

### 7 दिन में अपना पक्ष रखने का समय

इस खबर के प्रकाशित होने के बाद मुद्रण और लेखन सामग्री विभाग के नियंत्रक चंद्रशेखर वालिंबे ने एक्शन लिया। विभाग की ओर से 9 सितंबर 2025 को डिप्टी कंट्रोलर लॉरेंस राबर्टसन को एक पत्र भेजा गया।

### 56 दिन बाद भी लॉरेंस ने जवाब नहीं दिया

इस लेटर का डिप्टी कंट्रोलर लॉरेंस रॉबर्टसन ने अब तक जवाब नहीं दिया है। गवर्नमेंट प्रेस के सूत्र बताते हैं कि खबर प्रकाशित होने के बाद से लॉरेंस ऑफिस नहीं आ रहे हैं और न ही किसी तरह का कोई सरकारी काम कर रहे हैं। जवाब न देने पर मुद्रण और लेखन सामग्री विभाग की तरफ से 10 अक्टूबर को राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव को एक पत्र लिखा। पत्र में राजस्व विभाग से लॉरेंस रॉबर्टसन के अनुभव और नियुक्ति से जुड़े दस्तावेजों की मांग की थी। इसके बाद 31 अक्टूबर को विभाग की तरफ से प्रमुख सचिव राजस्व को एक और पत्र लिखा है जिसमें बताया है कि लॉरेंस ने अब तक अपना स्पष्टीकरण नहीं दिया है। उनके योग्यता प्रमाण पत्र को लेकर जो सवाल उठाए थे। वो लॉरेंस के जवाब न देने पर कहीं न कहीं सच साबित होते नजर आ रहे हैं। रॉबर्टसन क्लास वन अधिकारी हैं। राजस्व विभाग ने ही नियुक्ति के समय उनके दस्तावेजों की जांच की थी, इसलिए लॉरेंस के संबंध में कोई भी फैसला लेने के लिए राजस्व विभाग ही सक्षम है। राजस्व विभाग ने लॉरेंस राबर्टसन के अनुभव प्रमाण पत्र को सही बताकर क्लीनचिट दे दी।

## कैलाश मकवाना अब दिसंबर 2026 तक रहेंगे डीजीपी

### सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का मिला लाभ, एक दिसंबर 2025 को होने वाले थे रिटायर

**भोपाल। मध्य प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना अब एक दिसंबर 2026 को रिटायर होंगे। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के आधार पर गृह विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। मकवाना का रिटायरमेंट 1 दिसंबर 2025 को है, लेकिन डीजीपी पद के लिए अवधि के चलते अब उनको एक साल का सेवाकाल अतिरिक्त मिल जाएगा।**

गृह विभाग के अपर सचिव आशीष भार्गव ने इसके आदेश जारी करते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश में 60 साल की उम्र पूरा करने वाले 17 आईपीएस इस साल रिटायर होने हैं, जिसमें डीजीपी कैलाश मकवाना का नाम 16वें स्थान पर है। आदेश में कहा गया है कि



सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका सिविल क्रमांक 310/ 1996 में दिए गए आदेश के आधार पर कैलाश मकवाना 1 दिसंबर 2024 से डीजीपी पदस्थ किए गए हैं। इसके आदेश 23 नवंबर 2024 को जारी किए गए थे। चूंकि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार डीजीपी का कार्यकाल 2 साल का होता है। इसलिए डीजीपी कैलाश मकवाना का 1 दिसंबर 2025 को होने वाला रिटायरमेंट खत्म किया गया है। दूसरे शब्दों में यह कह सकते हैं कि डीजीपी मकवाना अब 1 दिसंबर 2026 को 2 साल की डीजीपी सेवा अवधि पूरी करने के बाद ही रिटायर होंगे।

## युद्धविराम बनाए रखेंगे अफगानिस्तान-पाकिस्तान

**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान युद्धविराम बनाए रखने पर सहमत हो गए हैं और वे अगले सप्ताह तुर्की की राजधानी इस्तांबुल में वरिष्ठ स्तर की वार्ता का एक और दौर आयोजित करेंगे। अफगानिस्तान के सरकारी सूत्रों ने एक बयान जारी करके यह जानकारी दी। इस बयान में कहा गया है कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान, तुर्की और कतर के प्रतिनिधियों ने 25 से 30 अक्टूबर, 2025 तक इस्तांबुल में बैठक की, ताकि इस महीने की शुरूआत में दोहा में तुर्की और कतर की मध्यस्थता में हुए युद्धविराम समझौते को मजबूत किया जा सके। बयान में कहा गया है कि सभी पक्ष युद्धविराम जारी रखने पर सहमत हुए हैं। साथ ही, यह भी कहा गया है कि इसके कार्यान्वयन के तौर-तरीकों पर आगामी छह नवंबर को इस्तांबुल में एक प्रमुख-स्तरीय बैठक के दौरान चर्चा की जाएगी और उन्हें अंतिम रूप दिया जाएगा।

4 पेरेंट्स से 1-1 करोड़ मांगे; मराठी एक्ट्रेस ने कहा- मुझे भी बुलाया था

## मुंबई बंधक केस, बच्चे की दादी बोलीं-आरोपी ने अच्छा बर्ताव किया

**मुंबई।** मुंबई के पवई में गुरुवार को RA स्टूडियो में 17 बच्चों सहित 19 लोगों को बंधक बनाने वाले आरोपी के बारे में बुजुर्ग महिला मंगला पाटनकर ने कई बातें बताईं। वह अपनी पोती को ऑडिशन के लिए ले गई थीं। जब पुलिस बच्चों को सुरक्षित निकालने के लिए बाहर काम कर रही थी, तब मंगला ने भी बच्चों को बचाने में अहम भूमिका निभाई। उनके सिर में कांच के टुकड़ों से चोटें भी आईं। अभी वह हॉस्पिटल में भर्ती हैं। पूरी घटना के बारे में उन्होंने बताया कि आरोपी रोहित आर्या पहले कुछ बच्चों को उनके पास छोड़ गया और बाकी को ऊपर ले गया। थोड़ी देर बाद मुझे भी बाकी बच्चों के साथ ऊपर आने को कहा। उसने खिड़की पर काले पर्दे लगाए और धमकी दी कि स्टूडियो में बम रखा है। उसने 4 बच्चों से उनके माता-पिता को फोन करवाया और हर एक से 1 करोड़ की फिरौती मांगी। साफ समझ आ रहा था कि सब कुछ पहले से प्लान है। मंगला ने कहा कि रोहित पूरे समय बहुत अच्छे से बर्ताव कर रहा था और लेकिन उसने बहुत ड्रामा भी किया। उसने दिवाली के पटाखे फोड़े और हमें बताया कि बाहर फायरिंग हो रही है, इसलिए हम बिल्डिंग से बाहर नहीं निकले।




**पेरेंट्स को बच्चों की फोटो भेजीं-** पुलिस के ऑपरेशन से पहले मंगला ने बच्चों की फोटो उनके माता-पिता को भेजीं, ताकि उन्हें भरोसा हो कि बच्चे सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि स्टूडियो का एक अन्य कर्मचारी भी इस साजिश में शामिल लग रहा था। **मराठी एक्ट्रेस को भी बुलाया था-** वहीं, मराठी फिल्मों की एक्ट्रेस रुचिता जाधव ने बताया कि आरोपी रोहित आर्या ने उन्हें भी कुछ दिन पहले अपनी फिल्म के सिलसिले में बुलाया था। उन्होंने कहा कि उस दिन को सोचकर मैं कांप जाती हूं। उन्होंने आरोपी के साथ वॉट्सएप चैट का स्क्रीनशॉट भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। रुचिता ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि 4 अक्टूबर को उन्हें रोहित आर्या नाम के व्यक्ति का मैसेज आया था। उसने खुद को एक फिल्ममेकर बताया और कहा कि वह होस्टेज सिचुएशन पर आधारित फिल्म बना रहा है। उन्होंने कहा- 'एक एक्ट्रेस होने के नाते मैंने बातचीत जारी रखी। फिर 23 अक्टूबर को रोहित ने पूछा कि क्या मैं 27, 28 या 29 अक्टूबर को मिलने के लिए आ सकती हूं?

## भरी क्लास में छात्राओं को अश्लील वीडियो दिखा रहा था सरकारी स्कूल का शिक्षक

**भिंड।** अध्यापक द्वारा अपने ही स्कूल की छात्राओं को कक्षा में अश्लील वीडियो दिखाने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के भिंड जिला में एक शिक्षक पर क्लास में छात्राओं को मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाने का मामला सामने आया है। छात्राओं ने उस पर आपत्तिजनक हरकतें करने का भी आरोप लगाया। मामला देहात थाना क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल का है। तीन छात्राओं की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी टीचर रामेंद्र सिंह कुशवाह को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट, धमकी देने और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस की कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग ने कल देर रात शिक्षक को निलंबित कर दिया है। छात्राओं ने आरोप लगाया कि शिक्षक कक्षा में पढ़ाने के दौरान मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाता था और अनुचित व्यवहार करता था। छात्राओं ने जब घर जाकर शिकायत करने की बात कही तो आरोपी ने उन्हें धमकाया। डर के कारण छात्राएं कई दिनों तक स्कूल नहीं गईं। छात्राओं के स्कूल न जाने पर परिजन ने पूछताछ की तो पूरा मामला सामने आया। परिजन पहले स्कूल पहुंचे और प्राचार्य से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर वे छात्राओं को लेकर भिंड देहात थाने पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई।

सबसे ज्यादा 1.92 लाख 4-मीटर से छोटी गाड़ियां बिकीं, जुलाई-सितंबर तिमाही में मुनाफा 8% बढ़ा

## मारुति ने तीन महीने में 5.50 लाख कारें बेचीं

**मुंबई।** ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 43,290 करोड़ रुपए की कुल कमाई की। यह पिछले साल के मुकाबले 11% बढ़ी है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 38,972 करोड़ रुपए की कमाई की थी। इसी तिमाही में कंपनी ने 5.50 लाख कारें बेचीं। कुल कमाई में से सैलरी, टैक्स, कच्चे माल की कीमत जैसे खर्चे निकाल दें तो कंपनी के पास 3,349 करोड़ रुपए शुद्ध मुनाफे (कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट) के रूप में बचे। यह 2025 की जुलाई-सितंबर तिमाही से 8% ज्यादा है। पिछले साल कंपनी को 3,102 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।

**रेवेन्यू 13% बढ़कर ?42,344 करोड़ रहा-** दूसरी तिमाही में कंपनी को प्रोडक्ट और सर्विस बेचकर 42,344 करोड़ रुपए का राजस्व यानी रेवेन्यू हासिल हुआ। सालाना आधार पर यह 13% बढ़ा है। जुलाई-सितंबर 2025 में कंपनी ने 37,449 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था।

**दूसरी तिमाही में गाड़ियों की बिक्री 1.7% बढ़ी-** दूसरी तिमाही में



मारुति सुजुकी ने कुल 5,50,874 गाड़ियां बेचीं। घरेलू मार्केट में कंपनी की सेल इस दौरान 5.1% कम रही, जबकि एक्सपोर्ट 42.2% ज्यादा रहा। इसके चलते कंपनी की ओवरऑल सेल्स ग्रोथ 1.7% रही। डोमेस्टिक मार्केट में कंपनी ने 4,40,387 गाड़ियां बेचीं, जबकि 1,10,487 गाड़ियों को एक्सपोर्ट किया। **मारुति का शेयर एक साल में 46% चढ़ा-** दूसरी तिमाही के नतीजों के बाद मारुति सुजुकी का शेयर आज 0.056% बढ़कर 16,215 पर कारोबार कर रहा है। बीते 6 महीने में कंपनी के शेयर ने 32% रिटर्न दिया है। वहीं, इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक कंपनी का शेयर 45% बढ़ा है। वहीं बीते एक साल में कंपनी का शेयर 46% चढ़ा है। मारुति सुजुकी का मार्केट कैप 5.10 लाख करोड़ रुपए है।

## मध्य प्रदेश सरकार खास अंदाज में मनाएगी देव प्रबोधिनी एकादशी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में श्रीराम वन गमन पथ के चिह्नित नौ स्थलों पर दीपोत्सव होगा। देव प्रबोधिनी एकादशी के अवसर पर एक नवंबर को 3,51,111 दीप जलाए जाएंगे। दीपों से श्रीरामचंद्र जी, माता सीता, मां नर्मदा, मां मंदाकिनी की दीप आराधना की जाएगी। दीप प्रज्वलन के साथ ही भक्ति संगीत संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। भक्ति संगीत संध्या में प्रदेश के ख्यातिलब्ध कलाकार भाग लेंगे। श्रीरामचंद्र वन गमन पथ न्यास द्वारा यह आयोजन चिह्नांकित जिलों में जिला प्रशासन के सहयोग से संयोजित किया जाएगा। न्यास द्वारा दीपोत्सव चित्रकूट के राघव प्रयाग घाट-पंचवटी घाट, अमरकंटक के रामघाट, मैहर की आल्हा तलैया, नर्मदापुरम के सेठानी घाट, कटनी के कटायेघाट तालाब, पन्ना के धरम सागर तालाब, उमरिया के प्राचीन सगरा मंदिर में होगा। इसके अलावा शहडोल के सीतामढ़ी (गंधिया) में आयोजन पांच नवंबर को किया जाएगा। न्यास के सीईओ एनपी नामदेव ने बताया कि आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करने वाला यह आयोजन जन-जन तक प्रभु श्रीरामंचद्र जी के आदर्शों को संप्रेषित करेगा।



M P डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में भरेगा नई उड़ान

## 70वें स्थापना दिवस पर मिलेंगी सौगातें, शुरू होंगे कई पोर्टल

मध्यप्रदेश राज्य पोर्टल

**भोपाल।** प्रदेश के गौरवशाली 70वें स्थापना दिवस पर राज्य सरकार डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में भी नई उड़ान भरने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को रवींद्र भवन में भोपाल में अभ्युदय मध्य प्रदेश के राज्य स्तरीय समारोह में नागरिकों और निवेशकों को सशक्त बनाने के लिए तीन नई डिजिटल पहल शुरू करेंगे। इनमें ह्लएमपी ई-सेवा पोर्टलह्न के माध्यम से नागरिकों को एक ही मंच पर सभी सरकारी सेवाएं सरल और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध होंगी। ह्लइन्वेस्ट एमपी 3.0ह्न पोर्टल निवेशकों के लिए एक उन्नत सिंगल विंडो सिस्टम के रूप में कार्य करेगा, जिससे निवेश की प्रक्रिया और अधिक सहज व समयबद्ध बनेगी। वहीं ह्लवाश आन व्हील्सह्न मोबाइल एप युवाओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ते हुए शहरी स्वच्छता सेवाओं में नई तकनीकी ऊर्जा जोड़ेगा।

### मुख्यमंत्री अपने विचार साझा करेंगे

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री प्रदेश की निवेश उपलब्धियों, औद्योगिक प्रगति और रोजगार सृजन के विजन पर अपने विचार साझा करेंगे। इस अवसर पर ह्लद टू-ईयर जर्नीह्न शीर्षक से एक विशेष आडियो-विजुअल का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें विगत दो वर्षों की राज्य की निवेश प्रोत्साहन यात्रा और उपलब्धियों का जीवंत चित्रण होगा।

### कार्यक्रम में अतिथि और उद्योग प्रतिनिधि शामिल होंगे

कार्यक्रम में विधि एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, नीति आयोग के उपाध्यक्ष डा. सुमन के. बेरी, मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप तथा अदानी ग्रुप के प्रबंध निदेशक प्रणव अदानी सहित आंध्र प्रदेश से आने वाले गणमान्य अतिथि और उद्योग प्रतिनिधि शामिल होंगे। मुख्य सचिव अनुराग जैन राज्य की विकास यात्रा एवं भविष्य की रूपरेखा पर अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम में ह्लसमृद्ध मध्य प्रदेश @2047ह्न दृष्टि-पत्र का विमोचन किया जाएगा जो प्रदेश के दीर्घकालिक विकास का रोड मैप प्रस्तुत करेगा।

### विमानन क्षेत्र की परियोजनाएं की जाएंगी शुरू

कार्यक्रम में प्रदेश की हवाई कनेक्टिविटी को भी नई दिशा देने के लिए विमानन क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरूआत की जाएगी। इनमें उज्जैन हवाई अड्डे के विकास अनुबंध पर हस्ताक्षर, रीवाझ्रनई दिल्ली और रीवाझ्रइंदौर फ्लाइट के लिए अनुबंध तथा प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर पर्यटन हेलिकॉप्टर सेवा के अनुबंध शामिल हैं। इन पहलों से राज्य के औद्योगिक, पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को नई उड़ान मिलेगी।

मां रेवा पब्लिकेशन एंड प्रिंटर्स
जबलपुर शहर में सबसे कम दामों में
समाचार पत्र के A to Z कार्य का एकमात्र स्थान
प्रिंटिंग
जॉब वर्क
न्यूज पेपर
पीडीएफ
संपर्क करें 7415685293 9589490996 9340553112
68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम आर 4 रोड, उखरी, जबलपुर (मप्र)

# बच्चों को लेकर जा रही स्कूल का पहिया निकलकर 500 मीटर दूर उछला, हादसा टला






**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। जबलपुर में एक बड़ा हादसा टल गया, रानीताल के पास सुबह 9:45 बजे बच्चों को लेकर जा रही एक स्कूल बस का अगला पहिया निकलकर 500 मीटर दूर जा गिरा। घटना के बाद बस को रोककर उसमें बैठे विद्यार्थियों को नीचे उताराया गया। जानकारी के मुताबिक पहिया निकलने के बाद बस में बैठे बच्चे घबरा गए थे। इसके बाद दूसरी बस को बुलवाकर उन्हें स्कूल भेजा गया। अगर ड्राइवर बस को काबू में नहीं रखता तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्कूल बस को दुर्घटनाग्रस्त होना कोई पहली घटना नहीं है। इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। स्कूली बसों का अनफिट होना विद्यार्थियों के जीवन से खिलवाड़ करना है।**

## इधर, पिकअप से टकराकर बाइक चालक की मौत

जबलपुर-कटनी राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार को सुबह सड़क दुर्घटना में बिहार निवासी एक युवक की मौत हो गई। बिहार के आरा जिले के बड़का चंदा कोल्लवर निवासी अभय कुमार यादव (30) कुछ समय से पनागर में रह रहा था। वह यहीं रहकर निजी वाहन चलाता। बुधवार की रात को वह पुलिस लाइंस निवासी मित्र सुरेश यादव के घर भोजन करने गया था। दोनों ने साथ में खाना खाया और उसके बाद अभय वहीं रुक गया। गुरुवार सुबह अभय ड्यूटी पर सिहोरा जाने बाइक एमपी 21 एमई 6304 से निकला, जब वह कुशनेर ब्रिज के पास से गुजर रहा था, तभी पिकअप वाहन एमपी 20 जीबी 0906 के चालक ने अचानक सड़क पर रोक दिया। जिससे अभय की मोटरसाइकिल पिकअप से टकरा गई। जिससे अभय घायल हो गया, उसकी अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद पिकअप का चालक भाग गया।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से राहगीर की मौत

केंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में एक राहगीर की मौत हो गई। सदर निवासी गौतम पासी (46) मंगलवार की रात को सेंट जोसफ स्कूल के पास से जा रहे थे। वह यहां पर सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज गति से आयी कार एमपी 20 सीएच 7055 के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना में गौतम को गंभीर चोटें आई। उन्हें तत्काल निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान गुरुवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस आरोपित कार चालक की तलाश कर रही है।



# बड़ी ग्यारस का पर्व आज भक्तों में गजब उत्साह और उमंग

दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। दीवाली बाद का सबसे बड़ा त्यौहार देव उठनी ग्यारस को लेकर गजब उत्साह देखा जा रहा है। कल कई स्थानों से माता तुलसी और भगवान शालिगराम की बारात निकाली जाएगी। वहीं कल से ही पाणिग्रहण संस्कार सहित सभी शुभ काम शुरू हो जाएंगे। ऐसी मान्यता है कि चातुर्मास में सोते रहे देव कल ही जागते हैं। इसीलिए इसे देवउठनी ग्यारस भी कहते हैं।



देवताओं के जागते ही धार्मिक कर्मकांड और नियमावली के तहत पूजन-पाठ शुरू हो गए हैं। साल के आखिरी धर्मोत्सव पर बाजार सज गए हैं। पर्व कल है, लेकिन इसकी छटा दो दिन पहले से बाजार में दिखनी शुरू हो गई है। आज पूजा सामग्री, फल-फूल सहित ग्यारस पर बिगने वाला खास गन्ना के भाव में उछाल देखी गई। आम दिनों में 10 से 20 रुपए में मिलने वाला गन्ना आज सौ रुपये जोड़ा बिका। कल त्यौहार के दिन इसका रेट डेढ़ सौ जोड़ा होने की संभावना है। शहर के अलावा उपनगरीय क्षेत्रों में भी ग्यारस का बाजार सज गया है। दुकानों में भारी भीड़ उमड़ रही है। ग्यारस हिंदू धर्म का साल का आखिरी त्यौहार है। इस दिन देवता जागते हैं, और मांगलिक कार्य शुरू होते हैं। यही कारण है कि हिंदू मान्यता को मानने वाले लोग बड़े श्रद्धा के साथ इस पर्व को मनाते हैं। कल पूजा के बाद ही गन्ना, चना भाजी, सीताफल, सिंघाड़ा, शकरकंद आदि खाने का विधान है। इसी कारण इन सामग्री के रेट तेज हुए हैं। पुराने मनीषियों ने सर्दी के हैल्दी सीजन के भोजन की नई व्यवस्था दी थी। जिसमें रसदार फल, शाक-भाजी सहित ताजा अन्न पहले भगवान को चढ़ता है, और फिर घरों की रसोई तक जाता है। ग्यारस को मक्रवाहिनी मंदिर कमानिया गेट में विशेष पूजा अर्चना होती है। मंदिर से जुड़े कल्ली तिवारी ने बताया कि ग्यारस पर मक्रवाहिनी माई का पूजन-अर्चन सुबह से ही शुरू हो जाएगा। दिन में अर्चन, श्रृंगार, 56 भोग के बाद रात को महाआरती की जाएगी। क्षेत्र में मक्रवाहिनी में ग्यारस पर होने वाले आयोजनों का इंतजार पूरे वर्ष होता है। इधर पटाखा बाजार में तेजी आई है। दीवाली के बाद पटाखा बिक्री में कमी आ जाती है। व्यापारी बचा माल ग्यारस को निकालते हैं। क्योंकि ग्यारस में भी दीये जला क रोशनी करने के बाद आतिशबाजी करने की मान्यता है।

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का गौरवपूर्ण समारोह 1 नवम्बर को गोल बाजार शहीद स्मार में आयोजित होगा

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में 1 नवम्बर को दोपहर 3.30 बजे शहीद स्मारक में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का समारोह आयोजित किया जायेगा। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत से होगा। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के संबंध में अतिथियों के उद्बोधन उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की गरिमामय प्रस्तुति दी जायेगी। कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह ने जिले वासियों से आग्रह किया है कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इस गौरवपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनायें।

## निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत बीएलओ का प्रशिक्षण संपन्न

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध में आज जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर जिले के सभी बीएलओ का विधानसभावार प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने जेएनकेव्हीव्ही और मानस भवन पहुंचकर विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में बीएलओ को आवश्यक जानकारी प्रदान किया। इसी प्रकार उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती ज्योति परस्ते ने पनागर पहुंचकर बीएलओ के प्रशिक्षण में एसआईआर के बारे में प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण में बताया कि इस पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक मतदाता के घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरे जाएंगे तथा मतदाता को अपने या परिजनों के नाम का मिलान या लिंकिंग पिछले एसआईआर (2002-2004) के रिकॉर्ड से करने में सहायता की जाएगी। इस कार्य के लिए मतदाता और बीएलओ निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://voters.cci.gov.in/ का उपयोग कर सकते हैं।मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु फॉर्म-6 और घोषणा प्रपत्र एकत्र किए जाएंगे। बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर पर कम से कम तीन बार जाकर विवरण सुनिश्चित करेंगे। गणना चरण के दौरान किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। गणना प्रपत्र भरवाने की अवधि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक निर्धारित की गई है। निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 9 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा, दावे और आपत्तियाँ 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक प्राप्त की जाएंगी तथा अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

# मार्ग, चौराहा व लेफ्ट टर्न क्लीयर कराने जीरो टॉलरेंस पर कार्य

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** शहर की बिगड़ी ट्रेफिक व्यवस्था सुधारने सहित लेफ्ट टर्न में हुए अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाते हुए वाहन चालकों को सरल और सहज ट्रेफिक प्रदाय करने के लिए कल से पुलिस-प्रशासन और नगर निगम की टीम संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई करेगी। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, एसपी संपत उपाध्याय और नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने एवं बाधक अतिक्र मणों को हटाने कल 1 नवम्बर से वृहद मुहिम चलाने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक कल से शहर में सड़कों से अतिक्र मण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। एक बार अतिक्र मण हटाने के बाद दोबारा सड़कों पर अवैध कब्जा न हो इसके लिए नगर निगम, पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। बैठक में यह भी तय हुआ है कि यातायात में बाधक अतिक्र मणों को हटाने के दौरान कहीं विवाद की स्थिति न हो इसके लिए अतिक्र मण हटाने गए अमले को सतर्क रहना होगा। ऐसी कोई गतिविधि नहीं होनी चाहिए जिससे छोटे व्योपारियों को किसी प्रकार का कोई नुकसान हो। गढ़ा और ग्वारीघाट क्षेत्र से शुरू होने वाली मुहीम की संपूर्ण तैयारी संबंधित अधिकारियों पूरी कर ली गई है। यातायात में बाधक अतिक्र मण को हटाने की इस मुहीम का मुख्यथ उद्देश्य केवल आवागमन को सुगम करना है। यातायात में बाधक अतिक्र मण को हटाने के पहले शहर के मुख्य बाजारों, चौराहों एवं प्रमुख स्थानों पर लोगों को जागरूक करते हुए अतिक्र मणकारियों को स्वयं अपने अतिक्र मण हटाने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। यातायात में बाधक अतिक्रमण को हटाने की इस मुहीम का उद्देश्य ठेले, टपरे मुक्त करना नहीं है। गढ़ा और ग्वारीघाट क्षेत्र के बाद पूरे शहर में यह अभियान चलाया जाएगा। बीच-बीच में इसकी नियमित तौर पर अधिकारियों द्वारा समीक्षा करते हुए कमियों को दूर करने के प्रयास किए जाएंगे। अतिक्रमण हटाने के साथ ही चौराहों और रोटरी से अवैध होर्डिंग एवं पोस्टर बैनर भी हटाए जाएंगे। चौराहे के चारों ओर लेफ्ट टर्न क्लीयर- यातायात में बाधक अतिक्र मण को हटाते हुए चौराहों के चारों ओर लेफ्ट टर्न क्लीयर करने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। सर्विस रोड और फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा। लेफ्ट टर्न पर वाहनों की मरम्मत के लिए गैरिज, गुमटी हटाने की कार्रवाई भी होगी।

## महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। कलेक्टर सिंह ने आँगनबाड़ी सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि सभी संबंधित लोगों तक ये सेवाएं अनिवार्य रूप से पहुँच सकें। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए गए, जिससे अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ मिल सके। विभागीय पोषण ट्रेकर एप की समीक्षा भी की गई और निरन्तर आँकड़ों को अपडेट करने तथा हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा 01-02 नवम्बर को देव उठनी एकादशी पर बाल विवाह रोकने हेतु प्रचार प्रसार एवं आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

**ओम होम हैल्थ केयर सर्विस**
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स, वार्ड वॉय, आया बाई, फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो. जितेन्द्र पटैल CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556, 9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट्र हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर (म.प्र.)

म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी
प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी
गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)



म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
पता - हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय-निवास
कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)
Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717

# बेमोसम बरसातसे खेती पर बुरा असर

## धान हो रही खराब, मटर-चना, गेहूं की फसलों को भी क्षति



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** मोंथा साइक्लॉन के असर से देश कई राज्यों के जिलों में बारिश हो गई, जिसके कारण किसानों के खेतों में धान, मक्का व मटर की फसलों भारी हानि पहुंच रही है। बेमौसम बारिश से कारण जबलपुर जिले की सभी तहसीलों में भी फसलों को बहुत नुकसान पहुंचा है। धान लगभग पककर तैयार है और कुछ जगह किसानों ने काटकर खलिहानों में रख ली है। अचानक हुई बारिश के कारण किसानों के सामने अपनी फसल को बचाने का संकट खड़ा हो गया है। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष रामदास पटेल व जिला मंत्री धनंजय पटेल ने सभी तहसीलों के किसानों से चर्चा कर बताया कि धान व मक्का की फसल पककर तैयार है, बारिश होने के कारण धान की फसल गिरकर बिछ गई है। जिसके कारण फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। बेमौसम बारिश जल्दी नहीं रुकी, तो नमी के कारण धान में अंकुरण आ जाएगा और ज्यादा नुकसान बढ़ जाएगा। किसानों ने सरकार व प्रशासन से मांग की कि जिला प्रशासन तत्काल सर्वे टीम किसानों के खेतों तक भेजे। जिन भी किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है, उनका सर्वे कर तत्काल राहत राशि व मुआवजा दिया जाए। जिले के खेतों में धान की फसल पक कर खड़ी है, और कहीं कट कर खालिहानों रखी है, वहीं मटर, चना, गेहूं आदि बोवनी होनी है, लेकिन बारिश धान और बोवनी पर पानी फेर रही है, जिससे किसानों को हानि हो रही है। किसानों ने बारह हजार रुपए क्विंटल तक के महंगे बीज बोकर मटर की फसल तैयार की है। किसानों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ स्थानों पर मटर की फसल पानी में डूब गई है। जिससे फंगस लगना व फसल की जड़ों का गलना शुरू हो जाएगा और कुछ दिन में सूख जाएगी। इससे किसानों को भारी नुकसान होगा और उत्पादन भी प्रभावित होगा।

## खेतों में भरा पानी

प्रदेश से इस बार मानसून ने देर से विदाई ली, इसके बाद भी रूक-रूक कर लगातार बारिश का क्रम जारी है। जिससे जहां कुछ फसलों की बोवनी में विलंब हुआ है। वहीं मोंथा साइक्लॉन ने भी बेमौसम बारिश होने से खेतों में फिर पानी भर गया है। कई किसानों ने तो बोवनी कर दी है और अब उन्हें खेत में पानी भर जाने से बीज सड़ने का डर सता रहा है, वहीं खेतों में कट कर रखी धान में अंकुरित होने का खतरा मंडरा रहा है।

Mob.: 9770559042 Reg No. 48783
THE BEST ORTHO PHYSIOTHERAPY AND WELLNESS CENTRE
Dr. Riya Sonkar (PT) B.P.T., M.P.T. (Ortho) DNHE
Physiotherapist at GOVT RANIDURGAWATI (ELGIN) HOSPITAL JABALPUR
* Cupping & Manual Therapy
* Certified IASTM Therapist
* Certified Dry Needling Therapist
YOGA FITNESS CLASS ZUMBA
HOME VISIT AVAILABLE
64, Saket Nagar, Badi ukhri, Jabalpur (M.P.)
विशेष उपचार :-
Paralysis (लकवा)
Neck Pain (गर्दन दर्द)
Sciatica (सायटिका)
Frozen Shoulder (कंधे का दर्द)
Joint Pain (जोंड़ो का दर्द)
Osteoarthritis (बात)
Disc Prolapse/Slip disc (रीढ़ की हड्डी का खिसक जाना)
Facial Palsy etc (चेहरे का लकवा)
WEIGHT LOSS DIET
आधुनिक मशीनों एवं कसरत व व्यायम द्वारा उपचार किए जाते है

Manufacturer of t-shirts & lowers Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001

# अवैध कबाड़ सम्राट बना जानू, 20 से ज्यादा अवैध ठीहे संचालित, पुलिस ने पकड़ा ट्रक से लाखों का लोहा

## कैमरे की निगरानी के बाद कहाँ से आता है अवैध कबाड़, पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह?

**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** कबाड़ से लदा एक ट्रक जो अनूपपुर जिला मुख्यालय के पटोरा टोला क्षेत्र से चोरी-छिपे कबाड़ लेकर उमरिया की ओर जा रहा था, जिसे उमरिया पुलिस ने पकड़ कर ट्रक को जप्त कर लिया है। पूरे अनूपपुर जिले के कबाड़ का ठेका जानू चला रहा है, जो जगत विख्यात है, अनूपपुर जिले से जितने भी कबाड़ जिले से बाहर जाता है वह कबाड़ ठेकेदार जानू का ही होता है। जानू कबाड़ी अमलाई, चचाई, राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक, अनूपपुर, कोतमा भालूमाड़ा, जमुना, राजनगर, बिजुरी सहित 20 से ज्यादा कबाड़ के ठीहे संचालित है। जानू कबाड़ी 100 से ज्यादा गरीब बेरोजगार युवकों को पालकर रुपयों का लालच देकर उनसे पूरे जिले में कबाड़ की चोरी करवाता है, और वह माल चोरी छिपे जिले से बाहर भिजवाता है, ऐसे में पुलिस की कार्यशैली प्रश्नचिन्ह लग रहा है। जानू के खुद के अनूपपुर जिला मुख्यालय में 2 ठीहे संचालित है एक भारत ज्योति विद्यालय के पास व दूसरा नेशनल हाइवे 42 में साँधा के पास। इसके जानू अपने गुर्गों के माध्यम से जिला मुख्यालय में कई ठीहे संचालित करवा रहा हैं। इसके पहले भी जानू कबाड़ी के ऊपर की बार जिले की पुलिस कार्यवाही की है, कई कबाड़ की गाड़ी पकड़ी गई है, कुछ महीनों पहले अनूपपुर के साँधा वाले ठीहे जहाँ पर 20 से ज्यादा गाड़ी कबाड़ का स्टॉक किया जाता है एसपी के निर्देशन में पुलिस ने छापामार कार्यवाही करके कई ट्रक अवैध लाखो का माल जप्त किया था। पुलिस के इस छोटी मोटी कार्यवाही से




जानू कबाड़ी को कुछ फर्क नही पड़ता, जानू पूरे जिले के कबाड़ का ठेका ऐसे ही नही चलाता है इसका बहुत बड़ा नेटवर्क है, इसके नेटवर्क में सफेद पोश के अलावा कई कलर के कपड़े वाले शामिल हैं। जिसके कारण यह हमेशा बच निकलता है। पुलिस कहती है कि कबाड़ के ठीहे में कैमरा लगा है, जिसकी निगरानी हमेशा होती है तो अवैध कबाड़ पकड़ा जाता है वो कहाँ से आकर ट्रक में लोड हो जाता है, तब पुलिस क्या करती रहती है।कही न कही पुलिस के काम मे झोल नजर आता है। सूत्र बताते हैं जो पुलिस के रिकॉर्ड में ठीहे है वहाँ कैमरे लगे हैं, लेकिंन जानू बहुत सारे ऐसे ठीहे बना रखे हैं जहाँ पर कैमरे नही लगे हैं। और पुलिस को इसकी जानकारी भी है, मगर कार्यवाही नही होती। जब जिले का एक कबाड़ सरगना कई वर्षों से लगातार अवैध कबाड़ के ठीहे का संचालन करवा रहा है, कई बार कार्यवाह भी हो चुकी हैं तो ऐसे में इसके ऊपर जिलाबदर की कार्यवाही क्यू नही हो रही है, इनके अवैध ठीक को हमेशा के लिए शील क्यू नही किया जा रहा है। प्रशासन के लिए यह सवालिया निशान लगा रहा है। सच क्या है सबको मालूम है।

### यह है मामला

उमरिया जिले की घुनघुटी चौकी पुलिस ने बीती रात एक ऐसी कार्रवाई की जिसने पूरे रेंज की पुलिस व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। पुलिस अधीक्षक विजय भगवानी के निर्देशन और चौकी प्रभारी कोमल दीवान की सूझबूझ से एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। देर रात दबिश देकर पुलिस ने एक भारी वाहन को पकड़ा, जिसमें ऊपर से तो प्लास्टिक गेट और कबाड़ जैसी वस्तुएं लदी थीं, लेकिन जब उसे जांच के लिए खाली कराया गया तो पुलिस दंग रह गई। नीचे लाखों रुपये का अवैध लोहा छिपाकर ले जाया जा रहा था। सकी गुप्त सूचना उमरिया पुलिस को मिली थी। इस पर सक्रियता दिखाते हुए घुनघुटी चौकी प्रभारी ने टीम के साथ धरपकड़ की और वाहन को कब्जे में लेकर चौकी परिसर में खड़ा कराया। सुबह जब वाहन की तलाशी शुरू हुई, तो पुलिसकर्मी खुद हैरान रह गए,कबाड़ की आड़ में लाखों रुपये मूल्य का अवैध लोहा भरा हुआ था। उमरिया पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अनूपपुर और शहडोल जिलों की पुलिस व्यवस्था की पोल भी खोल दी है। सवाल यह उठ रहा है कि अनूपपुर से निकलने के बाद यह वाहन कैसे चचाई, अमलाई, बुढार, कोतवाली शहडोल और सोहागपुर जैसे कई थाना क्षेत्रों से गुजर गया। और किसी की नजर तक इस गाड़ी पर नहीं पड़ी? पुलिस को मुखबिर की सूचना के बाद क्या यह केवल लापरवाही थी या फिर किसी बड़े नेटवर्क की मिलीभगत? या गठजोड़, सूत्रों के अनुसार, अनूपपुर के तथाकथित जिले का कबाड़ सम्राट कबाड़ी जानू का शहडोल तथा उमरिया जिले तक उनका पुलिस के नेटवर्क फैला हुआ बताया जाता है। यही कारण है कि इतनी बड़ी मात्रा में अवैध कबाड़ से लदकर गाड़ी कैसे निकल जाती है और पुलिस कुछ नहीं करती है। पुलिस चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह कबाड़ अनूपपुर जिले से लोड होकर जबलपुर के एक कारोबारी के पास भेजा जा रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इसके पीछे कौन-कौन से व्यापारी और स्थानीय सफेदपोश शामिल हैं।



# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर सारथी संस्था द्वारा एकता दौड़ का भव्य आयोजन

### राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने दिखाई हरी झंडी, सारथी संस्था की एकता दौड़ में उमड़ा जनसैलाब




**दैनिक रेवांचल टाइम्स** कोतमा। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सारथी पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण संस्था के तत्वावधान में एकता दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और युवाओं में देशभक्ति की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। जैसे ही मंत्री श्री जायसवाल ने दौड़ को रवाना किया, पूरे नगर में एक भारत, श्रेष्ठ भारत के नारों से वातावरण गूंज उठा। ठाकुर बाबा प्रांगण से प्रारंभ हुई यह दौड़ नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई अटल चौपाटी तक पहुँची, जहाँ इसका समापन हुआ। इस दौरान नगर के नागरिकों ने भी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। दौड़ में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों और खेल प्रेमियों ने भाग लेकर सरदार पटेल के आदर्शों को नमन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेताओं को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए गए।

प्रथम पुरस्कारः 11,000
द्वितीय पुरस्कारः 5,100
तृतीय पुरस्कारः 3,100

इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आज के युवा अगर उसी भावना से आगे बढ़ें, तो हमारा भारत विश्व का अग्रणी राष्ट्र बन सकता है। उन्होंने सारथी संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, अनुशासन और जागरूकता का संदेश देते हैं। सारथी पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि इस दौड़ का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता के साथ पर्यावरण संरक्षण की भावना को जाग्रत करना है। संस्था भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और जनहित के कार्यक्रम करती रहेगी। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, शिक्षाविदों और प्रशासनिक अधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। अंत में संस्था के अध्यक्ष व सदस्यों ने सभी का आभार व्यक्त किया और सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहे के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कुश्ती का होगा शानदार आयोजन कई राज्यों से भी आयेगे महिला पुरुष पहलवान, दिखाएंगे कुश्ती का पैतरा





**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले के नगर पालिका परिषद पसान क्षेत्र में इस वर्ष भी शानदार कुश्ती का भव्य आयोजन किया जा रहा रहा है नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह ने बताया यह दो दिवसीय कुश्ती का आयोजन पसान के लिए सांस्कृतिक विरासत की एक जीवंत मिसाल बन गया है ,पिछले वर्ष यह आयोजन भालूमाड़ा में किया गया था दर्शकों की भारी भीड़ और पहलवानों की जबरदस्त मौजूदगी ने इस आयोजन को एक बड़े मेले में तब्दील कर दिया था. गांव के गलियों से लेकर शहर के नुक्कड़ों तक, हर जगह केवल इस कुश्ती की चर्चा हो रही थी. जहां एक ओर पुरुष पहलवानों ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया, वहीं महिला पहलवानों ने भी जोरदार दांव-पेंच दिखाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया था. इस कुश्ती की खास बात यह रही कि इसमें केवल भारत ही नहीं, पहले भी नेपाल से भी कई नामचीन पहलवानों ने भाग लिया था, पहलवानों ने अपने दमदार प्रदर्शन से दर्शकों को खासा प्रभावित किया, इनके अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और अन्य राज्यों से आए पहलवानों ने भी अखाड़े में जमकर पसीना बहाया था, कुल 20 जोड़ी पुरुष और 5 जोड़ी महिला पहलवानों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। इस वर्ष भी कुश्ती का शानदार आयोजन जमुना कालरी के मेन दुर्गा पंडाल मैदान में किया जा रहा है जिसमें नेपाल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड,बिहार, हरियाणा, छत्तीसगढ़ सहित राज्यों से 20 जोड़ी पुरुष और 20 जोड़ी महिला दमदार पहलवान यहां पहुंचेंगे जिसमें 8 और 09 नवंबर दो दिवसीय कार्यक्रम किया जाना है कार्यक्रम में आप सभी पहुंच कर कुश्ती का आनंद ले।




# व्यापारी संगठनों ने अपराधी राजकुमार शुक्ला व पुत्र दीप शुक्ला के खिलाफ 'जिला बदर' की कार्रवाई की मांग की

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** 31 अक्टूबर की शाम, कोतमा के स्थानीय व्यापारियों ने एकजुट होकर कोतमा थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें देवगांव निवासी कुख्यात अपराधी राजकुमार शुक्ला और उसके पुत्र दीप शुक्ला के विरुद्ध सख्त 'जिला बदर' (जिले से निष्कासन) की कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि पिता-पुत्र द्वारा विवाद और गुंडागर्दी की जा रही है, जिनके मामले विभिन्न थानों में पहले से ही दर्ज हैं। इस संबंध में स्थानीय व्यापारी संघ, आदर्श किराना व्यापारी संघ, और लव कुश ताम्रकार बर्तन व्यापारी संघ द्वारा अलग-अलग तीन आवेदन दिए गए हैं। नगर के बर्तन व्यापारी और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मनमोहन ताम्रकार के पिता घनश्याम ताम्रकार पर दीप शुक्ला एवं अन्य साथी के द्वारा कथित तौर पर जानलेवा हमला किया गया था। इस हमले के बाद मनमोहन ताम्रकार का इलाज बिलासपुर में चल रहा है। घटना के कुछ दिनों बाद, राजकुमार शुक्ला ने मोबाइल पर बात करते हुए स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है कि "मेरा पुत्र दीप शुक्ला तो कुछ भी नहीं किया है, मैं मनमोहन के परिवार को देख लूंगा।" इस धमकी भरे बयान से मनमोहन ताम्रकार का परिवार काफी भयभीत और असुरक्षित महसूस कर रहा है। ?थाना प्रभारी ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि राजकुमार शुक्ला के विरुद्ध सभी थानों से आपराधिक रिकॉर्ड मंगा लिए गए हैं। जिला बदर' की कार्रवाई शीघ्र की जाएगी।

# बीईओ सतीश तिवारी ने कर्मचारी को कार्य से मुक्त करके, खुद को दे दिए ईमानदरी का तमगा, खुद बन गए हरिश्चंद्र





**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** जिले के विकासखंड शिक्षा अधिकारी पुष्पराजगढ़ कार्यालय में कार्य कर रहे नर्मदा जायसवाल को उनके मूल पद शिक्षकीय कार्य हेतु विद्यालय के लिए मुक्त कर दिया गया है। ज्ञात हो कि आजाद अध्यापक संघ ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी पुष्पराजगढ़ सतीश तिवारी एवं नर्मदा जायसवाल पर काम के लिए पैसा लेने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए हटाने की मांग करते हुए कलेक्टर के नाम एसडीएम पुष्पराजगढ़ को शिकायती पत्र देते हुए चेतावनी दी थी कि अगर 20 दिनों के अंदर इन्हें नहीं हटाया गया तो शिक्षक उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी सतीश तिवारी जो स्वयं भी इस आरोप में सम्मिलित हैं, उन्हीं के आदेश से विकासखंड शिक्षा अधिकारी पुष्पराजगढ़ कार्यालय में आईएफएमआईएम पोर्टल पर कोषालय संबंधी कार्य कर रहें, शिक्षक नर्मदा जायसवाल पर कार्यवाही करते हुए अध्यापन कार्य लिए विद्यालय के लिए मुक्त कर दिया गया है। और खुद अपने आप को ईमानदार का तमगा देकर खुद हरिश्चन्द्र बन गए हैं। वहीं अभी तक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सतीश तिवारी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं होने से शिक्षक नाराज हैं। शिक्षकों ने कहा हैं कि सौंपे गये शिकायती पत्र के अनुसार दी गई समय सीमा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सतीश तिवारी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं तो हम उग्र आंदोलन करेंगे। अब देखना यह है कि सतीश तिवारी किसके आदेश से हटेंगे या फिर वही पर बैठकर उसी रवैया से काम करते रहेंगे।

# बालिका छात्रावास में खाना खाने के बाद होने लगी उल्टी-दस्त, 15 छात्राए हुई बीमार, अस्पताल में भर्ती




**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के ब्यौहारी विकासखंड के ग्राम खडहुली स्थित 100 सीटर बालिका छात्रावास, मॉडल स्कूल को रात में उस समय हड़कंप मच गया, जब रात का खाना खाने के कुछ ही देर बाद एक के बाद एक छात्राओं की तबीयत बिगड़ने लगी। बताया जा रहा है कि चावल, बरबटी और आलू-गोभी की सब्जी खाने के बाद कई बच्चियों को खुजली, उल्टी और दस्त की शिकायत हुई। देखते ही देखते करीब 15 से अधिक छात्राएं बीमार हो गईं, जिनमें से 15 गंभीर छात्राओं को तत्काल ब्यौहारी सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि बाकी बच्चियों का इलाज छात्रावास में ही जारी है। रात करीब दस बजे के आसपास बच्चियों की तबीयत बिगड़ने लगी, जिससे छात्रावास में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। छात्रावास प्रशासन ने आनन-फानन में स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस और स्वास्थ्य टीम की मदद से गंभीर बच्चियों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों की टीम ने देर रात तक सभी बीमार बच्चियों का उपचार किया। इस दौरान अस्पताल परिसर में अभिभावकों की भारी भीड़ जमा हो गई। परिजन बच्चियों की हालत देखकर गुस्से में आ गए और छात्रावास प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए। कुछ अभिभावकों ने यह भी कहा कि खाने में बाल और कीड़े मिले थे, जिसके बाद बच्चों ने खाना छोड़ दिया था, लेकिन देर रात कई छात्राओं की हालत बिगड़ती चली गई।

# केशवाही में भालू ने किया हमला महिला की हुई मौत, एक भालू पहुँचा अनूपपुर, दहशत का माहौल

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के केशवाही में खूंखार भालू ने मवेशी चराने गई महिला पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतका की पहचान ग्राम गुंडा टोला निवासी गुड्डी यादव के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गुड्डी यादव रोजाना की तरह मवेशी चराने जंगल की ओर गई थी। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे भालू ने अचानक हमला कर दिया और उसे खींचते हुए जंगल के भीतर ले गया। ग्रामीणों ने शोर मचाया, लेकिन कोई पास नहीं जा सका। कुछ ही देर में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई, मगर भालू करीब दो घंटे तक शव के पास मंडराता रहा। दहशत का आलम यह था कि कोई भी ग्रामीण उसके नजदीक नहीं जा सका। इस दौरान केशवाही रेंजर अंकुर तिवारी और थाना प्रभारी जिया उल हक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने मशालों और फटाखों की आवाज से भालू को भगाकर रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वन विभाग ने मृतका के परिजनों को 10,000 रुपए की तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की है। अधिकारियों ने बताया कि विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद 8 लाख की मुआवजा राशि दी जाएगी।






### एक भालू पहुँचा खांडा

अनूपपुर तहसील थाना एवं वन परिक्षेत्र के खांड़ा गांव में शुक्रवार की सुबह विचरण करते हुए एक वन्यप्राणी भालू प्रवेश कर गया जिसकी सूचना मिलने पर अनूपपुर वनविभाग का मैदानी अमला भालू के विचरण क्षेत्र में पहुंचकर निरंतर निगरानी करते हुए भालू को ग्रामीण क्षेत्र से जंगल की ओर भेजने की कोशिश कर रहा है यह भालू शुक्रवार की सुबह कोदैली,रामपुर गांव की सीमा के मध्य कठना नदी के किनारे से खांडा गांव में चंद्रभूषण मिश्रा के खेत एवं खेत से लगे मुख्य मार्ग के किनारे तेलरी तालाब के समीप पहुंचकर झाड़ियो में कुछ देर छिपकर बैठा रहा, झाड़ियो से निकलकर पटाखा फोडने पर कठना नदी की ओर जाकर फिर वापस खांडा गांव के ठाकुरबाबा,अमरहाई तालाब एवं अस्पताल, हाईस्कूल के मध्य विचरण कर रहा है भालू के विचरण की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई जिसे वनविभाग के द्वारा भालू से दूर रखा गया है। दोनो मामलों में ग्रामीणों में दहशत है। पिछले कुछ दिनों से आसपास के जंगलों में भालू बार-बार दिखाई दे रहे हैं। लोगों ने वन विभाग से गश्ती बढ़ाने और भालू को पकड़ने के ठोस इंतजाम करने की मांग की है।

# पुलिस ने 16 नग नशीली कफ सिरप के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार, दो फरार



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** धनपुरी थाना पुलिस ने एक बार फिर अपनी तत्परता और मुस्तैदी का परिचय देते हुए अवैध नशीली दवाओं के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने शुक्रवार को अभियान चलाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 16 नग नशीली कफ सिरप डठएफ्र की बोतलें, एक मोबाइल फोन और नकद राशि सहित कुल 3,224 रुपये की अवैध सामग्री बरामद की गई। पुलिस को सूचना मिली कि शुभम तिवारी नामक युवक धनपुरी कॉलोनी के पीछे झाड़ियों में नशीली कफ सिरप बेचने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपी शुभम तिवारी पिता उमाशंकर तिवारी निवासी वार्ड क्रमांक 13 धनपुरी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि वह अपने साथी लालम उर्फ खलील के साथ मिलकर लंबे समय से अवैध नशीली दवाओं की बिक्री कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 371/25 धारा 8/21/22 एनडीपीएस एक्ट तथा 5/13 म.प्र. ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। मामले से जुड़े दो अन्य आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं जिनकी तलाश जारी है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी शुभम तिवारी एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी कई प्रकरण दर्ज हैं।

## संपादकीय

# किसानों का एक और यलगार

अब बारी महाराष्ट्र के नाराज किसानों की है। राज्य में भाजपा-महायुति सरकार बने 10 माह बीत चुके हैं। किसान अशांत और असंतुष्ट हैं कि चुनाव के दौरान कर्जमाफी, फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद, दिव्यांग किसानों के मानदेय आदि पर जो वायदे किए गए थे, अभी तक अधूरे हैं। उन्हें लागू क्यों नहीं किया जा रहा है? महाराष्ट्र सरकार आर्थिक संकट का रोना रो रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बीती 29 अक्तूबर को तुरंत कर्जमाफी से इंकार कर दिया है। फसल बीमा योजना किसानों को बेवकूफ बना रही है। कंपनियां मालामाल हो रही हैं। राज्य सरकार 1 रुपए की जो प्रतीकात्मक किस्त देती थी, उसे भी बंद कर दिया गया है, क्योंकि उससे 5000 करोड़ रुपए की बचत हुई है। लिहाजा किसान एक बार फिर आंदोलित हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के नागपुर में यलगार का उद्घोष किया है। करीब 1.5 लाख किसानों ने सडकें अवरुद्ध कर चक्का जाम कर दिया है, नतीजतन बॉम्बे उच्च न्यायालय को खुद संज्ञान लेकर आदेश जारी करना पड़ा है कि किसान सडकें, राजमार्ग खाली करें। जनता को बहुत असुविधा हो रही है, लेकिन बुधवार रात तक किसान यलगार को जारी रखने पर आमादा थे। आंदोलन का नेतृत्व पूर्व मंत्री बच्चू कडू कर रहे हैं, जो प्रहार जनशक्ति पार्टी के संस्थापक हैं। सवाल है कि यलगार किसानों का है अथवा यह राजनीतिक लामबंदी है? हालांकि राज्य सरकार ने जून, 2025 में कर्जमाफी पर एक कमेटी बनाई थी। उसकी रपट और अनुशंसाएं आ गई हैं अथवा नहीं, यह अभी निश्चित नहीं है। दरअसल बुनियादी मुद्दा किसान की कर्जमाफी का है। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार ने 2008 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की रूपरेखा के मुताबिक, किसानों के 72,000 करोड़ रुपए के कर्ज माफ किए थे। इस आंकड़े पर विवाद है, क्योंकि मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी का दावा है कि कुल 53,000 करोड़ रुपए के कथित कर्ज माफ किए गए। उनमें कई लाभार्थी फर्जी थे अथवा कुछ लोग दिवंगत हो चुके थे, लेकिन उनके नाम पर कर्जमाफी की गई। बहरहाल इस आंकड़े को भी छोड़ते हैं, लेकिन उसके बाद कर्जमाफी एक राजनीतिक फैशन बन गई, लिहाजा राज्य सरकारों ने भी किसानों के कर्ज माफ किए। हम आंकड़ों की पुष्टि नहीं कर सकते, लेकिन यह तय है कि कर्जमाफी के तौर पर सरकारें किसानों की आर्थिक मदद करती रही हैं। आखिर किसान कितने कर्जदार हैं, यह यक्ष प्रश्न किया जाता रहा है? अब केंद्र सरकार पर करीब 225 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है, जो 2014 में करीब 58 लाख करोड़ रुपए था। इतनी तो कई देशों की सकल अर्थव्यवस्था नहीं होती। इस गंभीर सवाल को भी समझना चाहिए कि आखिर कब तक सरकारें किसानों की कर्जमाफी करती रहेंगी? महाराष्ट्र सरकार पर भी 2024-25 का कुल कर्ज 8.40 लाख करोड़ रुपए है। सालाना ब्याज करीब 65000 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। हर नागरिक पर 72,761 रुपए का कर्ज है। सरकारों को सिर्फ किसानों का कल्याण देखना है या गरीबी-रेखा के आसपास या उसके तले जीने वाले समुदायों की भी चिंता करनी है? यकीनन किसान के हालात तब से बदतर हैं, जब भारत ब्रिटिश हुकूमत का गुलाम था। किसान की गरीबी या कर्जदारी बीते 11 साल की ही देन नहीं है। किसान अन्नदाता है, हमें इस मुहावरे को भी छोड?ा होगा। देश के प्रत्येक समुदाय, वर्ग, नागरिक का देश के विकास और संचालन में योगदान रहा है। देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान 15-16 फीसदी ही है। शेष 85 फीसदी के कर्ज कौन माफ करेगा? यदि महाराष्ट्र के नागपुर क्षेत्र के आंकड़े देखें, तो जनवरी-मार्च, 2025 में ही 767 किसानों ने आत्महत्याएं की हैं। पश्चिमी विदर्भ में ही 257 किसानों ने जान दी है। यह देश में किसानों की सर्वाधिक आत्महत्याओं का केंद्र रहा है। आरएसएस का मुख्यालय भी यहीं है, तो केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का चुनाव क्षेत्र भी नागपुर है और मुख्यमंत्री भी इसी क्षेत्र की विधानसभा सीट से चुन कर आते हैं। बहरहाल केंद्र सरकार से शुरूआत होनी चाहिए, क्योंकि एमएसपी केंद्र ही तय करता है। वहां से कोई सुविचारित पहल की जानी चाहिए। अलबत्ता यह यलगार भी दिल्ली के किसान आंदोलन से विराट रूप धारण कर सकता है।

# मध्यप्रदेश में निवेश, नवाचार और रोजगार के संकल्प का अभ्युदय

**प्रदेशवासियों को मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस की मंगलकामनाएं...।**

डॉ. मोहन यादव



मध्यप्रदेश आज अपनी स्थापना के 70वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। एक नवंबर 1956 को अस्तित्व में आये मध्यप्रदेश में विकास की नई यात्रा विगत दो दशकों से आरंभ हुई, जो प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाने की संभावनाओं तक पहुंच गई है। यह सुखद संयोग है कि आज देवउठनी ग्यारस के पावन अवसर पर राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हमारे तीज, त्यौहार और परंपराएं हमारी संस्कृति का आधार हैं। उत्सव के आनंद से ही भविष्य निर्माण के भाव निर्मित होते हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रदेश में सभी त्यौहारों को व्यापक स्वरूप में मनाया जा रहा है। अपने त्यौहारों का सांस्कृतिक संदर्भ ही हमें पुरातन से नूतन की प्रेरणा देता है। हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत का हृदय मध्यप्रदेश वन, जल, अन्न, खनिज, शिल्प, कला, संस्कृति, उत्सव और परंपराओं से समृद्ध है। हमें मां नर्मदा, चंबल, पार्वती, शिप्रा नदियों का सान्निध्य और बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त है। यह भगवान परशुराम की जन्मस्थली, भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षास्थली और आदि शंकराचार्य जी की तपोस्थली है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने चित्रकूट में लंबा समय व्यतीत किया है। इतिहास प्रसिद्ध राजा नल, भर्तृहरि, विक्रमादित्य की जन्म स्थली भी मध्यप्रदेश रही है। सम्राट विक्रमादित्य ने ही शकों के आतंक से भारत को मुक्त किया था। संसार की पहली वैज्ञानिक कालगणना "विक्रम संवत" का आरंभ भी मध्यप्रदेश के उज्जैन से हुआ था।

मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि हम अपने ऐतिहासिक गौरव की दिव्यता और प्राकृतिक भव्यता के साथ विरासत से विकास की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत को विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए विकसित भारत निर्माण का संकल्प दिया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारा देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री जी के इस संकल्प को साकार करने और विकसित भारत निर्माण के लिए मध्यप्रदेश में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश में उद्योग वर्ष मनाने के साथ राज्योत्सव की थीम 'उद्योग और रोजगार' रखी गई है। इसमें प्रदेश के सतत विकास, सांस्कृतिक समृद्धि और जनभागीदारी का भाव है।

यशस्वी प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हमें निवेश और औद्योगिक विकास की यात्रा को परिणाम में बदलने का अवसर प्राप्त हो रहा है। विविधता से समृद्ध मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता, क्षमता और दक्षता है, जिसमें अनंत संभावनाएं हैं। इसी को केन्द्र में रखकर हमने प्रदेश में रीजनल इन्वेस्टर्स समिट का नवाचार किया। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रदेश के हर क्षेत्र का कौशल और उद्योग इसमें शामिल हुआ है। व्यापार को सरल बनाने और निवेशकों से सीधे संवाद के लिए हमने मार्च 2024 से उज्जैन से निवेश यात्रा शुरू की और फिर जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा, शहडोल, नर्मदापुरम, मुंबई, कोयंबटूर, बेंगलुरु, पुणे, दिल्ली, यूके, जर्मनी, जापान, दुबई तक इसे विस्तार दिया। विभिन्न सम्मेलनों, राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय रोड-शो के माध्यम से मध्यप्रदेश के निवेश में कई गुना वृद्धि हुई है।निवेशकों को एक सक्षम, सरल और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया गया है। प्रदेश में इनोवेशन हब, स्टार्टअप पॉलिसी, फंडिंग सपोर्ट और इन्क्यूबेशन नेटवर्क स्थापित कर देश की स्टार्टअप क्रांति को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

मुझे यह बताते हुए खुशी है कि मध्यप्रदेश ने पिछले एक वर्ष में औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों ने प्रदेश में निवेश के प्रति गहरी रुचि दिखाई है। खनिज कॉन्क्लेव में प्रदेश को 56 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जो खनिज नीति और प्रशासनिक सरलता का परिणाम हैं। आईटी पार्क, इलेक्ट्रॉनिक निर्माण इकाइयां और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी निवेश को प्रोत्साहन मिला है।

मुझे यह बताते हुए हर्ष है कि प्रदेश एक ऐसे परिवर्तनकाल से गुजर रहा है जहां निवेश, नवाचार और रोजगार आधार स्तंभ हैं। लगभग दो वर्षों में प्रदेश ने उद्योग, कृषि, दुग्ध उत्पादन, पर्यावरण, ऊर्जा और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं।भारत के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमें गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (ॠअठ) के सम्मान का मंत्र दिया है। विकास के इन आधार स्तंभ के अनुरूप प्रदेश विकास और कल्याण के लिए युवा शक्ति, गरीब कल्याण, किसान कल्याण और नारी सशक्तिकरण मिशन के तहत कार्य किया जा रहा है।गरीब कल्याण मिशन में स्वरोजगार और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, आवास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधा आदि की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश कौशल विकास मिशन और स्टार्टअप नीति 2025 ने युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर में परिवर्तित किया है। कौशल विकास मिशन के माध्यम से युवाओं को उद्योग-आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रोजगार मेले, अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम और डिजिटल स्किल सर्टिफिकेशन जैसे प्रयास युवाओं को रोजगार से जोड़ रहे हैं। रोजगार सृजन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासकीय और निजी क्षेत्रों में युवाओं के लिए स्थायी, कुशल और सम्मानजनक अवसर उपलब्ध किये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने शासकीय भर्ती का कैलेण्डर जारी किया और उसके अनुरूप भर्ती प्रक्रिया भी आरंभ हो गई है।

कृषि क्षेत्र को नवाचार के साथ सशक्त बनाने की दिशा में एक नई क्रांति का सूत्रपात हुआ है। प्रदेश सरकार ने ड्रोन आधारित फसल निरीक्षण, स्मार्ट सिंचाई प्रणाली और कृषि उत्पाद मूल्य संवर्धन पर विशेष फोकस किया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और मुख्यमंत्री खेत-तालाब योजना सहित अन्य प्रयासों से किसानों के लिए सिंचाई क्षेत्र बढ़ाने का लगातार प्रयत्न किया जा रहा है। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना से प्रदेश के किसानों को सिंचाई और पानी की सुविधा व्यापक स्तर पर उपलब्ध होगी। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 52 लाख हेक्टेयर से अधिक हो चुका है। इसे दोगुना करने का लक्ष्य है। आगामी 3 वर्षों में सिंचाई क्षेत्र का रकबा 100 लाख हेक्टेयर करने की योजना है। कृषि उपज का प्रत्यक्ष भुगतान, ऑनलाइन मंडी व्यवस्था और जैविक खेती के प्रोत्साहन ने अन्नदाताओं की आय में वृद्धि की है। मध्यप्रदेश गेहूं, सोयाबीन, चना और मसालों के उत्पादन में अग्रणी प्रदेश हैं।

महिला सशक्तिकरण को आर्थिक स्वावलंबन से जोड़ने की दिशा में नारी शक्ति मिशन परिवर्तनकारी सिद्ध हो रहा है। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा मिली है। महिला उद्यमिता नीति के तहत महिलाओं को लघु उद्योग, डेयरी, हस्तशिल्प और सेवा क्षेत्र में अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। महिलाओं द्वारा संचालित स्व-सहायता समूह को वित्तीय सहायता और बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। यह मिशन नारी शक्ति ही नहीं बल्कि नये भारत की आधारशिला है।

गौ-धन हमारी अर्थव्यवस्था का स्थायी स्तंभ बने इसके लिए हमने गौ-संवर्धन और दुग्ध उत्पादन को आर्थिक नवाचार का केंद्र बनाया है। मुख्यमंत्री गौ-संवर्धन मिशन के तहत प्रदेशभर में गौ-अभयारण्य और गौ-सेवा केंद्रों की स्थापना की गई है। लगभग दो वर्षों में प्रदेश ने दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक वृद्धि हासिल की है।

मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और प्रदेशवासियों के सहयोग और संबल से कल्याणकारी नीतियों और निर्णयों को अमल में लाने में सफलता प्राप्त हुई है। मध्यप्रदेश की स्वर्णिम यात्रा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ आगे बढ़ रही है। गरीब के चेहरे पर मुस्कान, किसान की खुशहाली, नारी का सम्मान और युवाओं का उज्ज्वल भविष्य हमारा संकल्प भी है और लक्ष्य भी। आइये, हम सब मिलकर समग्र विकास के साथ आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाएं और विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

## राशिफल

**मेष-** दूसरों के कार्यो में रखने से मानसिक भावना विक्षुब्ध होगी ध्यान अवश्य रखे।

**वृष-** मान प्रतिष्ठा प्रभुत्व वृद्धि कार्य कुशलता स्त्री वर्ग सुखभोग ऐश्वर्य होगा।

**मिथुन-** आशानुकूल सफलता का हर्ष कार्य में सुधार व्यवसाय गति उत्तम अवश्य होगी।

**कर्क-** अधिकारियों का समर्थन विफल हो व्यवसायिक क्षमता व कार्य रुकेगें।

**सिंह-** अधिक प्रयोजन संघर्ष करने से सफल होगा भाग्य का सितारा प्रबल होंगा।

**कन्या-** तर्क वितर्क भावकुता से हानि वृथा थकावट बेचैनी तथा कार्य में हानि होगी।

**तुला-** असमर्थता का वातावरण बना रहे प्रयत्नशीलता प्रभावी अवश्य ही रहेगी।

**वृश्चिक-** दैनिक कार्य वृत्ति में बाधा असमर्थता का वातावरण बना ही रहेंगा।

**धनु-** कहीं विभ्रम विघटन कारी तत्व परेशान करें आकस्मिक कार्य हानि होगी।

**मकर-** कार्य बनने में मानसिक अशांति मिले मनोबल उत्साह वर्धक अवश्य होगा।

**कुंभ-** स्त्री शरीर कष्ट मानसिक बेचैनी कहीं तनाव ग्रस्त विवाद होने से बचेंगे ध्यान दे।

**मीन-** मानसिक विभ्रम धन का व्यय एवं उद्विग्नता बनी रहें कार्य हानि होगी।

# तुलसी विवाह पर मां तुलसी के पास कितने दीये जलाएं? जानें सही नियम, घर में होगा सुख-समृद्धि का वास



कार्तिक मास में तुलसी विवाह के दिन दीये जलाने के विशेष नियम बताए गए हैं, जिसमें घी या तिल के तेल का प्रयोग अनिवार्य है। इस दिन तुलसी के पास सुबह-शाम दीये जलाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और दांपत्य जीवन में प्रेम व स्थिरता आती है, साथ ही शीघ्र विवाह के इच्छुक लोगों को भी लाभ मिलता है।

कार्तिक मास की देवउठनी एकादशी के बाद द्वादशी के दिन तुलसी विवाह का पर्व मनाया जाता है। तुलसी विवाह वाले दिन माता तुलसी का विवाह भगवान शालिग्राम से कराया जाता है। इस दिन दीया जलाना बेहद शुभ माना जाता है। दीया की रोशनी अंधकार को दूर करता ही है इसके साथ ही शुभता भी लेकर आता है। खासतौर पर इस दिन तुलसी के पास दीया जलाना काफी शुभ माना जाता है। दीया जलाने के कुछ विशेष नियम और लाभ है, जिनका पालन करने से घर में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का वास होता है। आइए आपको बताते हैं कितने दीये जलाना सुभ होता है।

### तुलसी विवाह के दिन कितने दीये जलाएं?

तुलसी विवाह वाले दिन पूजा के दौरान गाय के शुद्ध घी का एक दीपक मां तुलसी के पौधे के पास जरुर रखें। यह दीपक प्रदोष काल में जलाया जाता है और यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और घर में सकारात्मकता आती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन 5 दीपक जलाना काफी शुभ होते हैं। यह 5 दीये पंच तत्वों पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश का प्रतिनिधत्व करता है। इन दीयों को तुलसी के पौधे के चारों ओर या मुख्य रूप से तुलसी के गमले के पास रखें। ऐसा करने से धन की देवी लक्ष्मी का घर में वास होता है और वैवाहिक जीवन में प्रेम बढ़ता है। इसके अलावा, अपनी श्रद्धा के अनुसार 11, 21, 51 या 108 दीया भी जला सकते हैं। अगर आप ज्यादा दीये जला रहे हैं, तो तुलसी के गमले के पास रंगोली जरुर बनाएं।

### तुलसी के पास दीया जलाने के कुछ नियम

तुलसी मां के पास दीये जलाने के कुछ नियम है, जिनका पालन जरुर करें। घी या तिल के तेल का दीपक जरुर जलाएं। सरसों का तेल प्रयोग तुलसी मां के पास नहीं करना चाहिए। तुलसी विवाह वाले दिन मां तुलसी के पास सुबह और शाम को दोनों समय दीया जलाएं। दीया तुलसी के पौधे के ठीक सामने या तुलसी के गमले के पास किसी स्वच्छ और पवित्र स्थान पर जलाएं। भूलकर भी दीया को तुलसी के पीछे न रखें।

### तुलसी विवाह के दिन दीया जलाने के लाभ

धार्मिक मान्यता के अनुसार, तुलसी विवाह वाले दिन दीया जलाने से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी दोनों प्रसन्न होते हैं जिससे घर में कभी धन-धान्य की कमी नहीं होती और दरिद्रता दूर होती है। तुलसी विवाह के दिन दीया जलाकर माता तुलसी और शालिग्राम जी से प्रार्थना करने पर विवाह में आ रही सभी बाधाएं दूर होती हैं। यह उपाय उन लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है जो शीघ्र विवाह या मनचाहा जीवनसाथी चाहते हैं।

### दांपत्य जीवन में प्रेम बना रहता है

इस दिन मां तुलसी के समक्ष विवाहित जोड़ों को घी का दीया जलाना चाहिए। ऐसा करने से उनके दांपत्य जीवन में प्रेम, स्थिरता और मधुरता आती है। वहीं, पति-पत्नी के बीच मनमुटाव समाप्त हो जाता है और गृहस्थ जीवन भी सुखमय बन जाता है।

# लिवर डैमेज से पहले हाथ देते हैं ये गंभीर चेतावनी

लिवर डैमेज के शुरूआती संकेत अक्सर समय पर पता नहीं चलते हैं। ऐसे में अगर आपके साथ भी कुछ ऐसा हो रहा है, तो आपको बिना देर किए शरीर के इन संकेतों पर ध्यान देना चाहिए। बता दें कि हमारा शरीर और हाथ कई बार यह संकेत देते हैं कि हमारे शरीर में कुछ गड़बड़ी चल रही है। हाथ हमारे शरीर के सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला हिस्सा है। कई बार हाथ हमारी अंदरूनी सेहत की कहानी बयान करते हैं।

अगर आपका लिवर सही तरीके से काम नहीं रहा है, तो स्किन, ब्लड सकुर्लेशन और हार्मोनल संतुलन पर इसका असर पड़ता है। इससे हमारे हाथों में कुछ बदलाव नजर आने लगते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इन बदलावों के बारे में बताने जा रहे हैं और साथ ही यह भी जानेंगे कि यह कैसे लिवर की स्थिति के बारे में जानकारी देते हैं।

**हथेलियों पर खुजली या लालपन होना :** हथेलियों में अचानक से खुजली या लालपन की समस्या महसूस होती है, तो इसको इग्नोर नहीं करना चाहिए। यह 'पाल्मर एरीथिमा' का संकेत हो सकता है। जोकि लिवर डैमेज या फिर लिवर की कमजोरी का संकेत हो सकती है। इस समस्या को सामान्य समझकर अनदेखा नहीं करना चाहिए।

**नाखूनों का टूटना या पीला पड़ना :** अगर आपके नाखून पीले पड़ रहे हैं या फिर आसानी से टूट जा रहे हैं, तो यह भी लिवर से जुड़ी परेशानी का संकेत हो सकता है। इन लक्षणों को नजरअंदाज करने की गलती नहीं करना चाहिए। यह संकेत देता है कि आपके शरीर में विषैले पदार्थो का जमाव बढ़ रहा है। जिसको लिवर ठीक तरह से फिल्टर नहीं कर पा रहा है।

**उंगलियों में सूजन या दर्द :** अगर उंगलियों में बार-बार सूजन या दर्द की समस्या रहती है, तो यह भी लिवर की कमजोरी या लिवर डैमेज का संकेत हो सकता है। हालांकि कई लोग इसको सामान्य थकान या फिर मौसम का असर समझकर इग्नोर कर देते हैं। लेकिन अगर यह समस्या बार-बार हो रही है, तो आपको फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**टेरीज नाखून :** ऐसी स्थिति में नाखून का पूरा हिस्सा लगभग सफेद या फिर फीका दिखने लगता है। जबकि सिरा गहरा लाल-भूरा होता है। यह नाखूनों में प्रोटीन की कमी और ब्लड सकुर्लेशन में बदलाव की वजह से होता है। जोकि लिवर सिरोसिस या फिर लिवर फेल्योर का संकेत हो सकता है।

**ऐसे करें बचाव :** लिवर को हेल्दी रखने के लिए हरी सब्जियां, ओट्स, फल, फाइबर, ग्रीन टी, हल्दी और नींबू पानी का सेवन करना चाहिए। अधिक मसालेदार, तलाभुना, प्रोसेस्ड और जंक फूड्स खाने से परहेज करना चाहिए। क्योंकि यह लिवर पर दबाव डालता है। लिवर हमारी बॉडी से विषैले पदार्थ को निकालने में सहायता करता है। दिन भर में 8-10 गिलास पानी पीना चाहिए। इससे शरीर डिटॉक्स होता है और लिवर के काम को आसान बनाता है। गिलोय, हल्दी, आंवला और एलोवेरा जूस लिवर की सफाई करने में सहायता करता है। रोजाना सुबह खाली पेट गुनगुना नींबू पानी पीने से लिवर डिटॉक्स करने में बहुत फायदेमंद होता है।

# 3 मसालों से पाएं मुंह की बदबू से छुटकारा



बाजार के केमिकल युक्त माउथवॉश के बजाय, अपने किचन में मौजूद लौंग, दालचीनी और चक्र फूल से एक प्राकृतिक घरेलू माउथवॉश तैयार करें। यह आसान और सस्ता उपाय मुंह की दुर्गंध, बैक्टीरिया और मसूड़ों की सूजन को दूर कर ओरल हाइजीन को बेहतर बनाता है, जिससे सांसें लंबे समय तक ताजा रहती हैं।

हर भारतीय के किचन में पाए जाने वाले ये मसाले केवल खाना का स्वाद ही नहीं, मुंह की दुर्गंध और बैक्टीरिया को दूर भागा देते हैं। आपकी रसोई में रखें इन 3 मसालों से तैयार करें नैचुरल माउथवॉश। मुंह की दुर्गंध, मसूड़ों की सूजन और बैक्टीरिया संक्रमण की समस्या से परेशान हो गए हैं, तो यह लेख आपके लिए है। वैसे तो बाजार में कई सारे माउथवॉश मिलते हैं लेकिन इनमें केमिकल और अल्कोहल की मात्रा होती है। यह अस्थायी ताजदी तो पहुंचता हैं लेकिन लंबे समय तक दातों और मसूड़ों को नुकसान भी पहुंचता है। इसी कारण आप अपने घर पर ही इन 3 मसालों से नैचुरल माउथवॉश बना सकते हैं। लौंग, चक्र फूल और दालचीनी से बना यह घरेलू माउथवॉश आपके लिए बेहद ही फायदेमंद होगा। यह माउथवॉश आपके मुंह के बैक्टीरिया को खत्म करता है। आइए आपको बताते है इसे कैसे बनाएं।

माउथवॉश बनाने की विधि

### सामग्री

- 4-5 लौंग
- 2 चक्र फूल
- 1 दालचीनी का टुकड़ा
- 1 कप पानी

### बनाने का तरीका

- सबसे पहले आप एक पैन में पानी डालें। फिर इसमें लौंग, दालचीनी और चक्र फूल को डालें।
- फिर आप इसे 7-8 मिनट तक उबालें। इसे तब तक उबालें जब तक इसका रंग हल्का भूरा न लग जाएं।
- जब यह पानी ठंडा हो जाए, तो इसे कांच की बोतल में भरकर रख दें।
- इसे घरेलू माउथवॉश से आप दिन में 1 या 2 बार कुल्ला जरुर करें।

घरेलू माउथवॉश इस्तेमाल करने के फायदे

- मुंह की दुर्गंध दूर करता है और सांसों को लंबे समय तक तरोताजा रखता है।
- इसमें एंटीबैक्टीरियल के गुण होते हैं, जो कि मुंह में बैक्टीरिया को खत्म करते हैं।
- मसूड़ों की सूजन को कम करता है और ओरल हेल्थ को बेहतर बनाता है।
- यह एक प्रकार से 100% प्राकृतिक और केमिकल-फ्री जो दांतों के एनामेल को नुकसान नहीं पहुंचाता है।
- इसे आप रोजाना इस्तेमाल कर सकते हैं और यह सस्ता व आसान घरेलू उपाय है।

कई एकड़ धान की फसल मौसम की मार से हो गई तबाह , ढीमरखेड़ा तहसील में सबसे ज्यादा नुकसान

# फसल की बर्बादी देख कराह उठें किसान




**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी / ढीमरखेड़ा। पिछले कुछ दिनों से बदलते मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। लगातार बारिश और तेज हवाओं के चलते खेतों में खड़ी धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। कई किसानों के खेतों में पानी भर जाने से फसल सड़ने लगी है। किसानों ने बताया कि इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन मौसम की मार ने सारी मेहनत चौपट कर दी। कृषक रामलाल, भजनलाल सहित अन्य ग्रामीण किसानों ने बताया कि पूरे सीजन भर कर्ज लेकर खाद, बीज और मजदूरी में खर्च किया, अब फसल खराब होने से भारी आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सर्वे करवाकर उचित मुआवजा दिया जाए ताकि अगली फसल की तैयारी की जा सके।**

## मौसम ने छीनी मुस्कान

ढीमरखेड़ा क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से लगातार बदलते मौसम ने किसानों की कमर तोड़ दी है। धान की फसल पककर तैयार थी – बालियां झुक चुकी थीं, बस कटाई की प्रतीक्षा थी। लेकिन ठीक तभी आसमान में काले बादल छा गए और मूसलाधार बारिश ने सब कुछ मिट्टी में मिला दिया। खेतों में भरे पानी के कारण धान की बालियां गलने लगीं, जगह-जगह फसलें गिर पड़ीं। कटनी जिले के अन्य इलाकों की तुलना में ढीमरखेड़ा तहसील सबसे ज्यादा प्रभावित रही। यहां की मिट्टी और भूगोल धान की खेती के लिए उपयुक्त माने जाते हैं, लेकिन इस बार यह वरदान अभिशाप बन गया।

## धान के साथ अन्य फसलें भी हुई प्रभावित

धान की बबार्दी के साथ-साथ अरहर, उड़द, मक्का और सब्जियों की फसलें भी नुकसान की चपेट में आई हैं। विशेषकर निचले इलाकों में पानी भर जाने से खेत दलदल में बदल गए हैं। कई जगह किसान अब अगली फसल की बुआई तक टालने की सोच रहे हैं।

## मौसम विभाग की चेतावनी अभी राहत नहीं

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले कुछ दिनों तक क्षेत्र में बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी। ऐसे में फसल की बची-खुची उम्मीद भी खतरे में है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे अब खेतों में निकासी व्यवस्था बनाएं और जल्द से जल्द नमी कम करने के उपाय करें।



# प्रेस एसोसिएशन के चुनाव 9 को सदस्यता की अंतिम तिथि 6 तक

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** जिला प्रेस एसोसिएशन के चुनाव की तारीख घोषित कर दी गई है। चुनाव 9 नवंबर 2025 (रविवार) को जिले में संपन्न होंगे। संगठन के स्त्रोतों से मिली जानकारी के अनुसार, सदस्यता प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 नवंबर शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। इस अवधि तक पुराने एवं नए सदस्य अपनी सदस्यता प्राप्त या नवीनीकृत कर सकेंगे। पुराने सदस्यों को नवीनीकरण हेतु ?300 शुल्क, जबकि नए सदस्यों को अपना आईडी कार्ड या प्रो कार्ड प्रस्तुत कर ?500 शुल्क जमा करना होगा। चुनाव में विभिन्न पदों के लिए शुल्क भी तय किया गया है – अध्यक्ष पद के लिए 4000, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए 2500, तथा सह सचिव पद के लिए ?1500 निर्धारित है। कुल छह पदों पर चुनाव होंगे – अध्यक्ष (1), उपाध्यक्ष (2), सचिव (1), कोषाध्यक्ष (1) और सह सचिव (2)। मतदाता सूची 7 नवंबर शाम 6 बजे तक जारी होगी, जबकि प्रत्याशियों की अंतिम सूची 8 नवंबर शाम 6 बजे जारी की जाएगी।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई



**सिवनी।** भारत रत्न, लौह पुरुष और देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला सिवनी द्वारा मंगल भवन छिंदवाड़ा रोड सिवनी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समाज के जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद सनोडिया एवं जिला मीडिया प्रभारी राधेश्याम सनोडिया ने बताया कि इस अवसर पर सरदार पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई और समाजहित में कई निर्णय लिए गए। समाज के प्रवक्ता शिव सनोडिया ने उद्बोधन दिया, वहीं नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने पटेल जी के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने छोटी-छोटी रियासतों को एकता के सूत्र में पिरोकर देश की अखंडता को मजबूत किया। कार्यक्रम में समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे और सरदार पटेल अमर रहें के नारों से वातावरण गूंज उठा।

# विशेष गहन पुनरीक्षण 2025-26 के लिए प्रशिक्षण 1 नवंबर को

**कटनी । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) 2025-26 हेतु आवश्यक जानकारी एवं कार्यवाही हेतु कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर शनिवार 1 नवंबर को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह प्रशिक्षण जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्धारित स्थलों पर आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, सीडीपीओ, बीओ एवं बीआरसी को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।**

**प्रशिक्षण कार्यक्रम-** विधानसभा बड़वारा के अंतर्गत तहसील बड़वारा व ढीमरखेड़ा के जनपद मीटिंग हॉल में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी प्रकार विधानसभा विजयराघवगढ़ के अंतर्गत तहसील विजयराघवगढ़ के जनपद सभागृह व बरही के नगर परिषद मीटिंग हॉल में, विधानसभा मुड़वारा के अंतर्गत तहसील कटनी शहरी एवं ग्रामीण हेतु कलेक्ट्रेट मीटिंग हॉल तथा विधानसभा बहोरीबंद के अंतर्गत तहसील बहोरीबंद एवं रीठी के जनपद मीटिंग हॉल में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस दौरान दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक आंगनबाड़ी कार्यकताओं, दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक पटवारियों, दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक जीआरएस एवं सचिव तथा शाम 4 बजे से 5 बजे तक नगर निगम के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# हवाला डकैती मामले में बड़ी कार्रवाई, एसडीओपी पूजा पांडे रीवा सेंट्रल जेल शिफ्ट



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** हवाला के करीब 2 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपए की डकैती मामले में आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे को सिवनी जिला जेल से रीवा सेंट्रल जेल भेजा गया है। वहीं, अन्य 10 आरोपी पुलिसकर्मियों को नरसिंहपुर सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया है। जेल मुख्यालय भोपाल से आए आदेश के बाद शुक्रवार सुबह सभी को सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना किया गया। जानकारी के अनुसार, सभी आरोपी पुलिसकर्मी पहले से ही निलंबित हैं और उनकी 14 दिन की न्यायिक रिमांड बढ़ा दी गई है। जांच एसआईटी जबलपुर द्वारा की जा रही है। बता दें कि 8-9 अक्टूबर की रात लखनवाड़ा क्षेत्र में हवाला रकम से भरी कार की जांच के दौरान पुलिसकर्मियों पर रकम हड़पने का आरोप लगा था। सभी आरोपी अब तक जेल में ही हैं और 90 दिन पूरे होने के बाद जमानत के पात्र बन जाएंगे। वहीं, सिवनी जेल प्रशासन ने शिफ्टिंग के बाद राहत की सांस ली है।

सिवनी में भ्रष्टाचार पर लोकायुक्त का शिकंजा कसने की कार्रवाई, भाजपा आदिवासी मोर्चा के पदाधिकारी भी हैं आरोपी

# लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई , धनोरा के सरपंच 25 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार




**दैनिक रेवांचल टाइम्स, सिवनी। जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस की एक और बड़ी कार्रवाई सामने आई है। धनोरा जनपद पंचायत के सरपंच दिनेश कौरेती को ?25,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई शुक्रवार को लोकायुक्त पुलिस जबलपुर टीम द्वारा की गई।**

**भ्रष्टाचार की शिकायत पर लोकायुक्त का ट्रैप ऑपरेशन-** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सरपंच दिनेश कौरेती ने किसी कार्य की स्वीकृति के बदले में शिकायतकर्ता से 25 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त जबलपुर टीम ने धूमा क्षेत्र में रेस्ट हाउस परिसर में ट्रैप की योजना बनाई। जैसे ही आरोपी सरपंच ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। मौके पर ही रकम, नोटों की गिनती और केमिकल टेस्ट सहित आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी की गईं। **राजनीतिक पद भी संभालते हैं**






**आरोपी सरपंच-** गौरतलब है कि गिरफ्तार सरपंच भारतीय जनता पार्टी आदिवासी मोर्चा के जिला महामंत्री के रूप में भी पदस्थ हैं। इस वजह से यह कार्रवाई राजनीतिक हलकों में भी चर्चा का विषय बन गई है। **लोकायुक्त थाना जबलपुर में दर्ज हुआ मामला-** गिरफ्तारी के बाद आरोपी को लोकायुक्त थाना जबलपुर ले जाया गया, जहाँ आगे की पूछताछ और दस्तावेजी कार्रवाई जारी है। लोकायुक्त सूत्रों के अनुसार, पूरे मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। **जनता में उठे सवाल –** ह्लांचायत से लेकर ऊपर तक कब रुकेगा भ्रष्टाचार? इस कार्रवाई के बाद सिवनी जिले में चचार्ओं का दौर तेज हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत स्तर पर व्याप्त रिश्वतखोरी से आमजन के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जनता अब यह सवाल उठा रही है कि –> ह्लजब छोटे स्तर पर इस तरह के भ्रष्टाचार के मामले हैं, तो ऊपर तक कब सख्त कार्रवाई होगी? लोकायुक्त की यह कार्रवाई साफ संदेश देती है कि भ्रष्टाचार पर अब प्रशासन की नजर सख्त है। जनता की उम्मीद है कि ऐसे मामलों में केवल गिरफ्तारी तक नहीं, बल्कि त्वरित अभियोजन और कड़ी सजा तक कार्रवाई पहुँचे।

# ग्राम करही में श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह उत्सव संपन्न



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, पन्ना।** ग्राम करही स्थित हनुमान मंदिर परिसर में भदोरिया परिवार के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रवक्ता व्यास पंडित श्री जगदीश प्रसाद त्रिपाठी शास्त्री जी एवं पारायणकर्ता पंडित श्री दिवाकर प्रसाद त्रिपाठी जी हैं। कथा के छठवें दिन शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025 को श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें नगरवासियों ने धर्म लाभ प्राप्त किया। हवन, पूणार्हुति, गोपूजन एवं ब्राह्मण भोजन का आयोजन 2 नवंबर, रविवार को होगा। इस धार्मिक आयोजन में भदोरिया परिवार के श्री इंद्र बहादुर सिंह, श्री हरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, लाखन सिंह, उपेंद्र सिंह सहित समस्त परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कांग्रेस ने याद किए देश के दो महान नेता — इंदिरा गांधी और सरदार पटेल को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, पन्ना।** देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं देश के पहले गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान ने कहा कि पूरा देश आज दोनों महान नेताओं के योगदान को नमन कर रहा है। इंदिरा गांधी ने देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, वहीं सरदार पटेल ने रियासतों का विलय कर भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। श्री खान ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम इन दोनों नेताओं की विचारधारा और देशहित में किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं – यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेसजनों ने श्रीमती इंदिरा गांधी एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुरुषोत्तम जड़िया, मनीष मिश्रा, प्रमोद जड़िया, अभिषेक चौरसिया, चंद्रभान सिंह लोधी, शिवप्रकाश दीक्षित, शशीकांत दिक्षित, वैभव थापक, स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी, सौरभ पटेरिया, कदीर खान, रियासत खान, नीरज खरे, मोहन सिंह कुशवाहा, इरफान खान, वेदांत मिश्रा, मोनू पाठक, जगदेव सिंह, लाल सिंह, महाकौशल चौधरी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

किसानों को जरूरत के मुताबिक मिलेगी पर्याप्त खाद

# जिले के लिए नीम कोटेड यूरिया खाद की रैक झुकेही पहुंची

**कटनी । जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से वर्तमान में रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक रैक शुक्रवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 902 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है।**

जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके। उपसंचालक कृषि ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र और

## झुकेही रैक पाइंट से उतारा जा रहा 902 मीट्रिक टन यूरिया

बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 100-100 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 50 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 262 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी। इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस बाकल और प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़ को 50-50 मीट्रिक टन तथा सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा को 90 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 50 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।





दैनिक रेवांचल टाइम्स — निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

डिंडोरी जिले में जिला ब्यूरो नियुक्त करना है और सभी ब्लॉक स्तर पर एजेंसी देना है पत्रकारिता के क्षेत्र में रुचि रखने वाले संपर्क करें

संवाददाता भी नियुक्त करना है

प्रबंध संपादक
अतुल कुमार
7415685293
7509202320

प्रधान कार्यालय
आदि प्लाजा की पीछे, फ्लैट न. 03
सी ब्लॉक, शताब्दीपुरम MR-4 रोड उखरी
जबलपुर म.प्र.

क्या आप दाद-खाज़, खुजली से परेशान है?

अब आपके शहर सिवनी में सभी प्रकार के चर्म रोगों का उपचार सुप्रसिद्ध चिकित्सक द्वारा संभव

डॉ. हेमलता चांचरिया
BHMS, PGDCC, Cosmetologist
चर्म, केश, सौन्दर्य चिकित्सक

माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार सुबह 11 बजे से 2 बजे तक



दाद (दराद) खाज खुजली का ईलाज

- कील मुहांसे का सफलतम ईलाज
- चेहरे का सांवलापन झाई एवं Chemical Peeling दाग धब्बे हटाये द्वारा
- तील एवं मस्सो का स्थाई ईलाज लेजर द्वारा
- चेहरे के अनचाहे बालों को हटाना बालों का झड़ना समय से पहले बाल सफेद होना गंजेपन का ईलाज (पी.आर.पी.) द्वारा
- सफेद दाग का सफल ईलाज दवाई एवं सर्जरी द्वारा।
- काली झाईयाँ, चेहरे के दाग धब्बे एवं गड्ढों का सफलतम ईलाज।
- एलर्जी, एग्जिमा, शरीर पर खुजली एवं सोरायसिस का सफल इलाज
- चेहरे के गड्ढे झुरियां एवं दाग का सफल ईलाज दवाई एवं Dermaroller द्वारा

रेवा फार्मेसी
पता: बरघट रोड़, गणेश चौक, सिवनी
Mob: 96696 52061, 88393 10065

# आंधी-बारिश का दौर मुरैना के गांव में बाढ़

## 11 जिलों में बूंदाबांदी होगी; टढ में बारिश के साथ तेज हुई ठंड



भोपाल। एक साथ 3 सिस्टम की एक्टिविटी होने से मध्यप्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर जारी है। इस वजह से दिन के तापमान में रिकॉर्ड गिरावट देखने को मिल रही है। कई शहर ऐसे हैं, जहां दिन का तापमान 23 डिग्री से नीचे है। मुरैना के गांव जनवेद का पुरा में बारिश से नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी का पानी सड़क के ऊपर से बह रहा है। खेत तालाब बन गए हैं। गांव में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं।

**बारिश से कई जिलों में पारा लुढ़का :** गुरुवार को दतिया, गुना, नौगांव और टीकमगढ़ सबसे ठंडे रहे। देर रात उज्जैन में बारिश हुई। शुक्रवार को भी कई जिलों में ऐसा ही मौसम बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को दतिया में सबसे ज्यादा डेढ़ इंच पानी गिर गया। जबलपुर में सवा इंच, मलाजखंड में पौन इंच, गुना में आधा इंच से ज्यादा और मंडला में आधा इंच पानी गिरा।

भोपाल में दिनभर रिमझिम पानी बरसा। ग्वालियर, पचमढ़ी, शिवपुरी, रायसेन, नर्मदापुरम, टीकमगढ़, निवाड़ी, छिंदवाड़ा, दमोह, छतरपुर के खजुराहो और नौगांव, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, सीधी, टीकमगढ़, उमरिया समेत कई जिलों में बारिश हुई। बारिश की वजह से कई जिलों में खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो गईं। ऐसे में मुआवजे की मांग उठने लगी है। खेतों में पानी भरने की वजह से ये हालात बने हैं।

35 जिलों में बारिश, जबलपुर-खरगोन में सबसे ज्यादा 1.8 इंच पानी गिरा

सिस्टम के एक्टिव होने से मध्यप्रदेश में बारिश का दौर बना हुआ है। पिछले 24 घंटे के दौरान 35 से अधिक जिलों में बारिश हुई। जबलपुर-खरगोन में सबसे ज्यादा 1.8 इंच पानी गिर गया। दतिया में डेढ़ इंच, धार में 1 इंच, गुना-रीवा में पौन इंच, सागर, खंडवा, उमरिया, मंडला-पमचढ़ी में आधा इंच बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, बैतूल, नर्मदापुरम, रतलाम, श्योपुर, शिवपुरी, छिंदवाड़ा, दमोह, छतरपुर के खजुराहो और नौगांव, नरसिंहपुर, सागर, सिवनी, सीधी, टीकमगढ़, बालाघाट के मलाजखंड, सीहोर, राजगढ़, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, विदिशा में भी हल्की बारिश का दौर चला।

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने में सभी की सहभागिता आवश्यक : मंत्री श्री परमार

### सरदार पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति ने भारत को एकसूत्र में बांधा

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाकर किया रवाना

### राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के संकल्प की शपथ दिलाई



भोपाल। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने कहा है कि भारत में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हर निर्णय ऐसे हो रहे हैं जैसे सरदार वल्लभ भाई पटेल ही फिर से भारत का नेतृत्व करने के लिए खड़े हों। प्रधानमंत्री श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक विश्व का सबसे समृद्ध एवं विकसित देश बनने का संकल्प लिया है। भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' के अपने दृष्टिकोण के साथ विश्वमंच पर पुनः आगे बढ़ रहा है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारत पुनः विश्वगुरु बनेगा और हर विधा-हर क्षेत्र में विश्वभर में सिरमौर देश बनेगा। स्वाभिमान के साथ देश को वैश्विक मंच पर सिरमौर बनाने की संकल्पना में सहभागिता करने की आवश्यकता है। मंत्री श्री परमार ने शुक्रवार को 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती 'राष्ट्रीय एकता दिवस' पर शाजापुर जिले के शुजालपुर स्थित माँ शारदा सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'रन फॉर यूनिटी' (एकता दौड़) को झंडी दिखाकर रवाना किया और प्रेरक संबोधन दिया मंत्री श्री परमार ने राष्ट्रीय एकता-अखंडता एवं सुरक्षा के संकल्प की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिसर में पौध-रोपण भी किया। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कार्यक्रम में सहभागी बनने को गौरवपूर्ण बताते हुए प्रदेशवासियों को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान का स्मरण करना और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। मंत्री श्री परमार ने सभी को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उनके पुरुषार्थ पर प्रकाश डाला। मंत्री श्री परमार ने बताया कि स्वतंत्रता के उपरांत सभी रियासतों के एकीकरण में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया और सभी रियासतों का भारत में विलीनीकरण कर देश को एक सूत्र में पिरोया। कार्यक्रम में श्री अशोक नायक, श्री विजय बैस, शुजालपुर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री आलोक खन्ना सहित नागरिक और अधिकारी उपस्थित थे।

# छिंदवाड़ा में रन फॉर यूनिटी का आयोजन

## सांसद, कलेक्टर और DIG ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ, सरदार पटेल की जयंती पर दौड़





छिंदवाड़ा। देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को जिले में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छिंदवाड़ा में प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से भव्य कार्यक्रम रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र, खिलाड़ी, अधिकारी और नागरिक शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत सांसद विवेक बंटी साहू, डीआईजी राकेश सिंह और कलेक्टर हरेंद्र नारायण, पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय ने की। सभी ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए सरदार पटेल के योगदान को नमन किया।

रन फॉर यूनिटी की शुरूआत पुलिस लाइन से हुई और यह दौड़ शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए शिवाजी चौक तक पहुंची। वहां से वापस फव्वारा चौक होते हुए दौड़ का समापन पुनः पुलिस लाइन में किया गया। इस दौरान सांसद विवेक बंटी साहू ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि ह्लसरदार पटेल के जीवन से हमें एकता, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा लेनी चाहिए.ह्व डीआईजी राकेश सिंह और कलेक्टर हरेंद्र नारायण ने कहा कि ह्ललौह पुरुष सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में बांधने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनकी दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प के कारण ही आज भारत एक सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा है। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों, शिक्षकों, खिलाड़ियों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने एक स्वर में एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया और सरदार पटेल के विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## युवक ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

रायसेन। रायसेन जिले के सलामतपुर में एक युवक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान विदिशा निवासी 26 वर्षीय जितेंद्र साहू के रूप में हुई है। जितेंद्र सुबह अपने घर से भोपाल जाने का कहकर निकला था। उसने अपनी 12 बोर बंदूक से खुद को गोली मारी। युवक का शव सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास सड़क किनारे मिला। उसके पास ही 12 बोर की बंदूक पड़ी थी। घटनास्थल पर युवक की मोटरसाइकिल और उस पर एक बैग भी मिला। राहगीरों की सूचना पर सलामतपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सील कर जांच शुरू की। युवक ने 12 बोर बंदूक को अपने दोनों पैरों के बीच फंसाकर, पेट के बल बंदूक की नली पर झुककर ट्रिगर दबाया।

# उम्रकैद की सजा काट रही महिला ने आग लगाई, मौत

## पैरोल पर जेल से आई थी बाहर, पति को मारने के अपराध में थी दोषी



भोपाल। भोपाल की पंचवटी कॉलोनी करोंद में एक महिला ने स्वयं को पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। इलाज के दौरान गुरुवार की रात महिला की मौत हो गई। घटना करीब एक हफ्ते पहले की है। शुक्रवार को परिजनों की मौजूदगी में बॉडी का पीएम कराया गया। महिला ने इलाज के दौरान दिए बयानों में एक युवक से फोन पर विवाद के बाद स्वयं को आग लगाने की बात कही थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि महिला अपने पति की हत्या के आरोप में जेल में बंद थी। पिछले दिनों वह पैरोल पर बाहर आई थी। उसका डिप्रेशन का इलाज भी चल रहा था।

**40 फीसदी जली हालत में अस्पताल पहुंचाया गया था :** एएसआई सुदर्शन द्विवेदी के मुताबिक पंचवटी कॉलोनी करोंद निवासी अन्नू खान (30) ने विगत 24 अक्टूबर को खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। करीब 40 फीसदी जली हालत में महिला को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार 30 अक्टूबर को इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। शुरूआती तफ्तीश में खुलासा हुआ है कि अन्नू खान ने अपने पति अनीस खान की हत्या की थी।

**उम्रकैद की सजा की आरोपी थी महिला :** पति की हत्या के मामले में महिला को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी और सेंट्रल जेल भोपाल में बंद थी। पिछले दिनों वह पैरोल पर बाहर आई थी। पुलिस का कहना है कि महिला मानसिक रूप से बीमार थी। उसका डिप्रेशन का इलाज चल रहा था। पुलिस मृतका की सीडीआर खंगालेगी, जिसके बाद युवक का पता लगाकर उससे भी पूछताछ की जाएगी।

## बैतूल में मंत्री उईके ने दिलाई एकता की शपथ, कहा- 2047 तक भारत को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाना है



बैतूल। बैतूल में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस परेड ग्राउंड से ह्यरन फॉर यूनिटीह्व निकाली गई। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुगार्दास उईके ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरूआत की और सभी को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री उईके ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की 562 रियासतों को जोड़कर भारत को एक सशक्त और अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित किया।

# छिंदवाड़ा निगम परिषद की बैठक में हंगामा

## टैक्स बढ़ोतरी और रुके विकास कार्यों को लेकर पार्षदों ने निगम प्रशासन को घेरा



छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा नगर निगम की साधारण परिषद की बैठक आज शुक्रवार दोपहर 12 बजे से निगम सभाकक्ष में शुरू हुई। बैठक में तीन प्रमुख एजेंडे शामिल किए गए हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन का प्रस्ताव, जीएसटी दरों में ऐतिहासिक कमी के लिए धन्यवाद प्रस्ताव और आत्मनिर्भर भारत से जुड़ा प्रस्ताव। बैठक शुरू होते ही निगम अधिकारियों ने मीडिया को सभाकक्ष से दूर रखा। लेकिन सूत्रों के मुताबिक, बैठक की शुरूआत में ही पार्षदों ने निगम प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जतानी शुरू कर दी। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में विकास कार्य न होने और टैक्स बढ़ोतरी जैसे मुद्दों पर अधिकारियों को घेरा। कुछ देर तक परिषद में शोरगुल का माहौल बना रहा।

**अधूरे कामों पर जवाब मांगते रहे पार्षद :** सूत्रों के अनुसार, पार्षदों ने निगम प्रशासन से पूछा कि शहर के विभिन्न वार्डों में अधूरे पड़े काम कब तक पूरे होंगे। विपक्षी पार्षदों ने बजट पारित करने से पहले सभी विकास कार्यों की स्थिति रिपोर्ट पेश करने की मांग भी की।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में खेलों में आगे बढ़ रहा है देश: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## फिट इंडिया मूवमेंट अभियान चलाया प्रधानमंत्री श्री मोदी ने : केन्दीय मंत्री श्री चौहान : विदिशा में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कल्पनाशील हैं। उनके कुशल नेतृत्व में देश खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन करना उन्हीं की ही सोच है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अपने संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का अद्भुत आयोजन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात विदिशा के स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विदिशा नगर खेलों और खिलाड़ियों के विकास में दिल्ली मुंबई जैसे महानगरों को पीछे छोड़ेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी सभी क्षेत्र के लोगों को प्रोत्साहित करते हैं। खेल क्षेत्र भी इसमें शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विदिशा ऐतिहासिक नगरी है। सम्राट अशोक से इसका संबंध रहा है। साथ ही उज्जैन से भी विदिशा का प्राचीन काल से गहरा संबंध रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने लोकतंत्र के मूल्य की रक्षा की और आज भी विदिशा जैसे नगर लोकतांत्रिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यहां के विजय मंदिर की प्रतिकृति के आधार पर नए संसद भवन का निर्माण किया गया है। मध्यप्रदेश के मितावली के 64 योगिनी मंदिर के आकल्पन को पुरानी संसद का आधार बनाया गया था। इस नाते मध्यप्रदेश लोकतांत्रिक व्यवस्था में विशेष महत्व रखता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विदिशा भोपाल फोरलेन मार्ग के निर्माण का कार्य स्वीकृत किया जाएगा। यह फोरलेन सलामतपुर सांची होकर बनेगा। साथ ही विदिशा अहमदनगर निर्माण सहित अन्य सुझावों को शासन द्वारा स्वीकृति दी जाएगी। खिलाड़ियों और युवाओं के प्रोत्साहन के सभी कार्य होंगे। इस खेल उत्सव में क्रिकेट, कबड्डी, मलखंभ और अन्य खेलों के शामिल करने के प्रयासों की सराहना की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विदिशा नगर निगम के लिए निकटवर्ती ग्रामों को जोड़ने संबंधी अध्ययन और सर्वेक्षण की कार्रवाई की जाएगी।केंद्रीय कृषि किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट का अभियान चलाया है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल प्रभावी माध्यम होते हैं। व्यक्तित्व विकास और फिट रहने के लिए खेल जरूरी हैं। श्री चौहान ने कहा कि हम सोच नहीं सकते थे कि भारत सन 1983 में क्रिकेट का विश्व कप जीत सकता है। यह कार्य महान खिलाड़ी श्री कपिल देव ने करके दिखाया। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत दो महीने तक गांव-गांव में खेल होंगे, इसके लिए 37 हजार खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है। खिलाड़ी खेलों का भरपूर आनंद लें और खेल भावना जागृत करने में कोई कमी नहीं रहने दें। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष विदिशा के विकास के लिए विभिन्न सुझाव रखें।केंद्रीय खेल मंत्री श्री मांडविया ने खेल महोत्सव में वर्चुअली शामिल होकर कहा कि खेलों में कोई कभी हारता नहीं है, कोई जीतता है तो कोई सीखता है। खेलों से फिर से जीतने का जज्बा आता है। मुझे खुशी है कि देश के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के लिए इतना बड़ा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हो रहा है। केंद्रीय खेल मंत्री श्री मांडविया ने कहा कि मध्यप्रदेश में खेलों को आगे बढ़ाने के लिए कमी नहीं छोड़ी जाएगी। विदिशा में एथलेटिक्स सेंटर चालू किया जाएगा।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान श्री कपिल देव ने कहा कि विदिशा जैसे छोटे शहर में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता है। यह भारत का भविष्य है। बड़े शहरों के बड़े मॉल और बड़ी इमारतें भारत का भविष्य उतना नहीं जितना विदिशा जैसे छोटे शहरों में खिलाड़ियों का उत्साह देखकर हम आश्वस्त होते हैं। श्री कपिल देव ने सम्मानित खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा खेल के साथ पढ़ाई भी बहुत जरूरी है और विदिशा के खिलाड़ी और उनके अभिभावक बधाई के पात्र हैं, जो खेल और पढ़ाई दोनों को महत्व देते हैं। अभिभावक भी खेलों प्रोत्साहित करते हैं । श्री कपिल देव ने कहा कि वे जरूर विदिशा दोबारा आना चाहेंगे। आज मौसम की वजह से केंद्रीय खेल मंत्री यहां नहीं आ पाए लेकिन मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री श्री चौहान के आग्रह पर भी यहां आकर उन्हें बहुत आनंद का अनुभव कर रहे हैं। श्री कपिल देव ने कहा कि हमारे देश में खेलों के प्रति इतना सम्मान है। यह इस कार्यक्रम में पहुंचकर अनुभव हुआ। खेलों के प्रति विदिशा के खिलाड़ियों का समर्पण सराहनीय है। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि यह सभी खिलाड़ी देश के लिए जरूर खेलेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री चौहान अभिनंदन के पात्र हैं, इस खेल उत्सव की कल्पना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान श्री कपिल देव का विदिशा पहुंचने पर अनेक स्थानों पर फूल मालाओं से हुआ भव्य स्वागत।

**सांसद खेल महोत्सव में हुआ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सम्मान :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केंद्रीय मंत्री श्री चौहान और क्रिकेटर श्री कपिल देव ने विदिशा में सांसद खेल महोत्सव में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में युवाओं द्वारा प्रस्तुत किये गये मलखंभ की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल, राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, सांसद श्रीमती लता वानखेड़े, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी सहित बड़ी संखय में खिलाड़ी और नागरिक उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग उड़ा रहा आयुक्त के आदेशों की धज्जियां

## अधिकारियों की मनमर्जी जारी, स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रही भारी




'दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर। जिले मे लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं संचालित कर सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन प्रशासनिक पदों पर बैठे अधिकारी कर्मचारियों द्वारा उच्च अधिकारियों के आदेशों का पालन नही किया जाता है जिसका प्रभाव यह होता है कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नही मिल पाती है। ऐसा ही मामला जिले मे भी सामने आया जहां पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक माह बीत जाने के बाद भी आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

### मामला इस प्रकार

जिला मुख्यालय में विकास खंड चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ डॉ रिचा मिश्रा को पदस्थ है जबकि आयुक्त द्वारा पूरे प्रदेश मे प्रभारी अधिकारियों के संबंध मे आदेश जारी कर कहा गया है कि एम बी बी एस एवं पी जी डिप्लोमा व अन्य योग्यता रखते हो। ऐसे डॉक्टरों को प्रभारी अधिकारी बनाया जावे। जबकि डॉ रिचा मिश्रा एम बी बी एस नही उसके बाद भी आदेश जारी होने के बाद भी उन्हे प्रभार से नही हटाया गया है प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए जा रहे आदेश के उल्लंघन से कई संदेह उत्पन्न हो रहे है। आदेश मे यह भी कहा गया है कि कार्रवाई कर कार्यालय आयुक्त को सूचित करें।

### यह था आयुक्त का आदेश

बीते 14 अगस्त को आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा द्वारा आदेश जारी किया गया जिसमें स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि जिला स्वास्थ्य अधिकारी-1/2/3 जिला टीकाकरण अधिकारी, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी जिला मलेरिया अधिकारी, जिला क्षय अधिकारी आदि का प्रभार प्राथमिकता पर ऐसे नियमित चिकित्सा अधिकारियों को सौंपा जावे जो एम. बी. बी. एस. के साथ एम. डी. पी. एस. एम. या पब्लिक हेल्थ मैनेजमेंट अस्पताल प्रबंधन में कोई अर्हताधारी हो एवं उनके द्वारा कम से कम 5 वर्ष की सेवा पूर्ण की गई हो उन्हे वरीयता अनुसार प्राथमिकता दी जावें एवं इनके उपलब्ध नहीं होने पर अन्य नियमित एम. बी. बी. एस. चिकित्सा अधिकारी जिनकी न्यूनतम 05 वर्ष की सेवा पूर्ण हो उन्हे वरीयता अनुसार प्रभार सौंपा जाये। पत्र मे यह भी निर्देशित किया गया है कि पात्रता के विरुद्ध प्रभार दिये हो तो तत्काल उक्त निर्देशों के अनुरूप प्रभार परिवर्तन करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं इस कार्यालय को अवगत करावें। भविष्य में इस संबंध में कोई भी प्रकरण संज्ञान में आने पर संबंधित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी / सिविल सर्जन सर्जन सह सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक की जवाबदेही तय की जावेगी।

चिकित्सकीय कार्य निर्वहन करने के निर्देश

संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा द्वारा जारी ओदश क्र .01/जी/विज्ञप्त/सो ला-05/2025/65/भोपाल में निर्देशित किया गया है कार्यालय में जिला स्वास्थ्य अधिकारी 1/2/3, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से आपके अधीन मलेरिया अधिकारी, जिला क्षय अधिकारी तथा राष्ट्रीय कार्यक्रम आदि के प्रभार में पदस्थ समस्त विशेषज्ञ / प्रभारी विशेषज्ञ /पी. जी. चिकित्सा अधिकारी को समस्त प्रभारी से मुक्त कर तत्काल चिकित्सकीय कार्य निर्वहन करने हेतु आदेशित किया गया था। विशेषज्ञों पी. जी. चिकित्सा अधिकारियों से चिकित्सकीय कार्य नहीं लेकर कार्यालयीन परन्तु संज्ञान में आया है कि प्रदेश में कई जिलों में विशेषज्ञों प्रभारी कार्य। प्रशासकीय पदों का कार्य लिया जा रहा है। जबकि यह स्पष्ट है कि प्रदेश में पूर्व से ही विशेषज्ञों की काफी कमी है।

### इनका कहना है

उक्त संबंध आयुक्त द्वारा आदेश जारी किया गया था आदेश का पालन ना होने संबंधी जानकारी आपके द्वारा दी गई है। उक्त संबंध मे कोई लिखित शिकायत प्राप्त नही हुई है। यदि आदेश पालन नही किया जा रहा है तो मैं उसकी जांच कराता है।

**डॉ. संजय मिश्रा संयुक्त संचालक**

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर होगा रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**'दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** जिले में 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। यह रन फॉर यूनिटी का आयोजन प्रातरू 8 बजे से स्टेडियम मैदान नरसिंहपुर से प्रारंभ होगी, जो गांधी चैराहा, एमएलबी स्कूल, सुभाष पार्क, बीएसएनएल ऑफिस के सामने से होते हुए वापस स्टेडियम मैदान नरसिंहपुर में समाप्त होगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर ने प्राचार्य, प्रभारी एनसीसी व एनएसएस अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को रन फॉर यूनिटी में समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों व महाविद्यालयों के छात्र- छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता के लिए कहा है।



## आंवला नवमी पर महिलाओं ने किया पूजन अर्चन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गुरूवार** को आंवला नवमी पर महिलाओं के द्वारा आंवले के वृक्ष के नीचे पहुंच कर पूजन अर्चन किया एवं वृक्ष की पूजन कर कुसुम बांधकर परिक्रमा लगाई गई। वृक्ष की छांव में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। नगर के प्रतिष्ठित सदर मढिया प्रांगण एवं राधा-कृष्ण मंदिर परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर जहां जहां आंवले के वृक्ष लगे हुए हैं। जहां पर नगर की विभिन्न महिलाओं ने विधि-विधान के साथ पूजन अर्चन किया। इसके अलावा साहू समाज की महिलाओं द्वारा आज आंवला नवमी पर अवल के वृक्ष के नीचे बैठकर विष्णु भगवान का पूजन अर्चन किया इसमें समस्त महिला मंडल के द्वारा पूजन किया गया। एवं समस्त महिला मंडल द्वारा प्रसादी वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कलेक्टर ने की बाल विवाह रोकने की अपील

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले में देवउठनी ग्यारस के अवसर पर और देवउठनी ग्यारस के बाद जिले में अधिक से अधिक विवाह होने की संभावना रहती है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले के समस्त विवाह में सेवा देने वाले सेवा प्रदाता जैसे धर्मगुरु- पंडित, मौलवी, कॉजी एवं अन्य, प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई, केटरर, घोड़ी वाले, शादी में किराए पर अपने वाहन लगाने वाले, बैंड- बाजा, मैरिज गार्डन, ब्यूटी पार्लर, सभी समाजों के मुखिया, वरिष्ठ नागरिक, समाज के गणमान्य नागरिक, रिश्तेदार- नातेदार सभी से अनुरोध किया है कि बालक- बालिका आयु स्कूल की मार्कशीट अंकसूची व जन्म प्रमाण पर देखकर ही अपनी सेवाएं दे और विवाह में शामिल हों। बाल विवाह होने पर बालक- बालिका की शिक्षा पर अंकुश लग जाता है और बालिका के गर्भ धारण कर लेने से मृत्यु होने का खतरा भी रहता है। इसके अलावा जन्म लेने वाले बच्चें भी कुपोषित होने की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बालिका की 18 वर्ष से कम आयु और बालक की 21 वर्ष से कम आयु पर विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कानून अपराध है। ऐसा करने पर दोषियों पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के नियमानुसार सजा व अर्थदण्ड का प्रावधान है। बाल विवाह की सूचना मिलने पर ग्राम स्तर पर पंचायत सचिव, प्राधानध्यापक, थाना प्रभारी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शहरी क्षेत्र से बाल विवाह की सूचना मिलने पर सेक्टर पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास, प्राधानाध्यापक, थाना प्रभारी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से शिकायत कर सकते हैं। इसके अलावा समस्त अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला स्तर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्य, कलेक्टर कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 100 पर भी शिकायत कर सकते हैं।

## वाहन के टक्कर से व्यक्ति घायल

**'दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली अंतर्गत वीरेन्द्र पिता लक्ष्मी विश्वकर्मा उम्र 50 साल निवासी रेवानगर कालोनी नरसिंहपुर को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। मिली जानकारी के अनुसार श्री विश्वकर्मा करेली से लौट रहे थे तभी बारूरेवा पुल के पास टक्कर मार दी गई। घायल को उपचार हेतु निजी चिकित्सालय लाया गया। आरोपी स्कार्पियो गाड़ी क्रमांक एमपी 04 बीसी 3037 का चालक पर पीड़ित की शिकायत पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 0/25 धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। उक्त घटना मे पीड़ित सिर, दाहिने हाथ की कलाई, दाहिने पैर, घुटने के नीचे चोट आई है।



## गोपा अष्टमी पर गौ सेवक मिलन समिति ने किया सम्मानित

**'दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** विगत दिवस गोपाष्टमी पर गौ सेवक मोहित सराठे को स्वयं गौ सेवा करने पर मिलन समिति द्वारा सम्मानित किया गया आप विगत 5 वर्षों से गौ सेवा में सेवा भाव से लगे हुए हैं आपकी सेवा राय पर आवारा जो गौ माताएं घूमती हैं उन्हें किसी प्रकार से चोट लगती है या बीमारी से ग्रसित रहती हैं आप अपनी तरफ से उनका इलाज करते हैं लगभग दो से ढाई हजार के बीच में आप अभी तक गौ सेवा कर चुके हैं आपका मुख्य उद्देश्य समाज में गोधन को सुरक्षित रखने एवं गौ सेवा के लिए लोगों को प्रेरित करना मिलन समिति के द्वारा ऐसे लोगों का ही सम्मान किया जाता है जो समाज में बिना किसी स्वार्थ के समाज सेवा में समाज को समय देते हैं इस सम्मान में मोहित सराठे को मिलन समिति द्वारा स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया ऐसा अवसर पर संरक्षक एस के चतुर्वेदी संजय राय गोपालपुरी गोस्वामी छोटू पटेल दीपक रावत आदि की सहभागिता रही।

## वृद्ध को सर्प ने काटा

**'दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस घर पर काम कर रहे वृद्ध को सर्प ने काट लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कन्हैया लाल पिता रामचरण उम्र 60 वर्ष निवासी खमतरा थाना स्टेशनगंज को घर पर काम करते समय सर्प ने काट लिया जिसका उपचार जिला चिकित्सालय मे जारी है।

## गर्म तेल से जला युवक

**'दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस युवक गरम तेल से जल गया। पुलिस ने बताया कि शिवा रैकवार पिता ओमप्रकाश रैकवार उम्रं 30 वर्ष निवासी तिलक वार्ड गरम तेल से जल गया



## लीनेस क्लब संस्कार हुआ सम्मानित

**'दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** सेवा सहयोग समर्पण की भावना से ओतप्रेत ऑल इंडिया लीनेस क्लब एरिया 10 कॉन्फ्रेंस दमोह में संपन्न हुई। विशिष्ट अतिथि ली. अंजू कटारे मुख्य अतिथि पूजा मलईया अतिथि दीपा घयी जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल की उपस्थिति रही। एरिया ऑफिसर रोजी बग्गा द्वारा सभी क्लब्स के कार्यों की गतिविधियों का अवलोकन किया गया। लीनेस क्लब नरसिंहपुर संस्कार की अध्यक्ष ज्योति तिवारी को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष चयनित कर स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

## कलेक्टर ने लक्ष्मी काछी को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा

**'दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में किसानी बोस वार्ड गोटेगांव जिला नरसिंहपुर की श्रीमती लक्ष्मी पति स्व. श्री नीलेश कुमार काछी को अनुकंपा नियुक्ति पत्र का आदेश सौंपा है। जारी आदेश के मुताबिक स्व. श्री नीलेश काछी की शासकीय सेवाकाल के दौरान मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी श्रीमती लक्ष्मी काछी को रिक्त चतुर्थ श्रेणी पानीवाला के पद पर आदिवासी पो.मै. बालक छात्रावास नरसिंहपुर में अनुकंपा नियुक्ति दी गई है।



## आज मनाया जाएगा मप्र स्थापना दिवस, कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**'दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश ने गुरूवार को स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित होने वाले मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राधेश्याम वर्मा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। नरसिंहपुर जिला मुख्यालय में एक नवंबर 2025 को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम प्रात 10 बजे से स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को विभिन्न कार्य दायित्व सौंपने का आदेश जारी किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करने को कहा है।



# ग्रेग चैपल का आरोप, क्रिकेट को कंट्रोल करता है भारत

## बोले, सौरव गांगुली का निलंबन कम करने को कहा था

नई दिल्ली। आईसीसी के पूर्व मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने भारत पर अपनी ताकत के दम पर क्रिकेट से जुड़े फैसलों को प्रभावित करने का आरोप लगाया है। अब भारत के पूर्व कोच और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल ने भी उनकी हां में हां मिलाया है। इस तरह विश्व क्रिकेट में बीसीसीआई के प्रभाव को लेकर छिड़ी बहस और तेज हो सकती है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से बातचीत में ग्रेग चैपल ने दावा किया है कि 2005 में जब वह भारत के कोच थे, तब बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और आईसीसी के तत्कालीन चेयरमैन जगमोहन डालमिया ने सौरव गांगुली के निलंबन को कम करने की पेशकश की थी। चैपल ने कहा, डालमिया ने पेशकश की



थी कि उनके (सौरव गांगुली) निलंबन को कम कर दिया जाए, ताकि वह श्रीलंका दौरे पर जा सकें, जब मेरा कार्यकाल शुरू हो रहा था। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कोच ने आगे बताया, मैं कहा- ना, मैं नहीं चाहता कि सिस्टम सड़े; उसे अपना समय पूरा करना होगा। डालमिया भी इसके लिए तैयार लग रहे थे। चैपल के मुताबिक ये घटना 2005 में श्रीलंका में हुई त्रिपक्षीय सीरीज से ठीक पहले हुई थी। तब गांगुली को टीम से भी निकाल दिया गया था, जिसके बाद उनके और चैपल में सार्वजनिक तौर पर अनबन दिखी थी।

**पहले मैच रैफरी भी लगा चुके हैं आरोप :** इससे पहले क्रिस ब्रॉड ने आरोप लगाया था कि एक बार उन्हें फोन पर गांगुली की अगवाई वाली भारतीय टीम पर स्लो-ओवर रेट मामले में नरमी बरतने को कहा गया था। उन्होंने बताया, मुझे फोन आया। मुझसे कहा गया कि नरमी बरतो, थोड़ा समय ले ले, क्योंकि यह भारत है। अगले मैच में फिर ऐसा ही हुआ और मुझे फिर से वैसा ही कहा गया। शुरूआत से ही राजनीति शामिल रही है।

## रोहित ने बदली टी-20 क्रिकेट की दिशा, राहुल द्रविड़ ने की तारीफ, बोले, टीम को बनाया आक्रामक

साल 2024 टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने राहुल द्रविड़ की कोचिंग में खिताब अपने नाम किया था। टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच ने उस एक क्रिकेटर का नाम बताया है, जो टी-20 क्रिकेट में क्रांति लेकर आया है। राहुल द्रविड़ ने विराट नहीं, बल्कि रोहित शर्मा का नाम लिया। रोहित शर्मा अकसर आक्रामक बैटिंग करते हैं। यही कारण है कि रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप खिताब पर कब्जा किया। द्रविड़ ने आगे कहा, मैं ये नहीं कह सकता कि मुझसे पहले क्या हुआ। लेकिन हां जब मैं टीम इंडिया का कोच बना तो मेरे और रोहित के बीच काफी ज्यादा बातचीत हुई।

## एप्पल का दिवाना हुआ हिंदुस्तान, एप्पल की यह सीरीज पहली पसंद

नई दिल्ली। हिंदुस्तान में आईफोन का जादू सिर चढकर बोल रहा है। हर नौजवान की पहली पसंद आईफोन है। यही वजह है कि अमरीकी टेक कंपनी एप्पल ने जुलाई-सितंबर में शुद्ध लाभ में 86 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और भारत में तिमाही राजस्व का रिकॉर्ड बनाया। एप्पल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम कुक ने बताया कि बहुत से बाजारों में हमारा राजस्व बढ़ा है और 10 से अधिक बाजारों में हमने चौथी तिमाही का नया रिकॉर्ड बनाया है, जिसमें अमरीका, कनाडा, लैटिन अमरीका, पश्चिमी यूरोप, पश्चिम एशिया, जापान, कोरिया और दक्षिण एशिया शामिल हैं। हमने उभरते हुए बाजारों भी चौथी तिमाही का रिकॉर्ड बनाया है। भारत में अब तक की किसी भी तिमाही का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया है।

# अमरीकी फेड ने घटाई ब्याज दर, दुनिया भर के शेयर बाजारों में गिरावट

वाशिंगटन। अमरीकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार को नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की जिससे गुरुवार को एशिया तथा यूरोप में शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई। अमरीकी केंद्रीय बैंक की फेडरल ओपन मार्केट समिति (एफओएमसी) ने नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की घोषणा करते हुए बताया कि सितंबर में पिछली बैठक के बाद से आर्थिक गतिविधियों में धीमी गति से वृद्धि हुई है। इस साल रोजगार वृद्धि की रफ्तार सुस्त पड़ी है और बेरोजगारी बढ़ी है हालांकि इसकी रफ्तार कम हुई है। दूसरी तरफ, साल के शुरूआती समय की तुलना में मुद्रास्फीति बढ़ी है। फेड



ने इन कारकों को देखते हुए दरों में एक-चौथाई प्रतिशत की कटौती का फैसला किया। अमरीका में ब्याज दरों में कटौती की घोषणा से दुनिया भर में शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई। भारत में बीएसई का सेंसेक्स 593 अंक (0.70 प्रतिशत) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 176.05 अंक (0.68 फीसदी) गिरकर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग 0.24 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.73 प्रतिशत टूट गया। यूरोप में भी शेयर बाजार शुरूआती कारोबार में लाल निशान में थे। जर्मनी का डैक्स 0.09 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.46 फीसदी नीचे था।

### पराली जलाने पर दर्ज प्रकरणों की वापसी और अन्य मांगों को लेकर किसानों का प्रदर्शन

# शासन विरोधी नीतियों को लेकर उमड़ा किसानों का जन सैलाब





**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा किसानों के विरुद्ध लिए गए फैसले को लेकर 31 अक्टूबर देश की अखंडता और एकता के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती दिवस पर जिले के हजारों किसानों ने शुक्रवार को पराली जलाने पर दर्ज प्रकरणों की वापसी की मांग को लेकर कटरा बाईपास पर जोरदार प्रदर्शन किया।**

संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। किसानों ने मांग की कि सरकार किसानों पर दर्ज सभी पराली जलाने संबंधी एफआईआर और प्रकरणों को तत्काल प्रभाव से वापस ले, साथ ही अतिवृष्टि से नष्ट हुई फसलों का शीघ्र मुआवजा भी दिया जाए। आज सुबह से ही जिले के विभिन्न विकासखंडों नारायणगंज, बिछिया, नैनपुर, घुघरी, बीजाडांडी और मवई व अन्य क्षेत्रों से ट्रैक्टरों में सवार होकर किसान मंडला की ओर रवाना हुए। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर केवल 10 ट्रैक्टरों को ही शहर में प्रवेश की अनुमति दी गई, जबकि बाकी किसानों के ट्रैक्टरों को कटरा बाईपास पर रोक दिया गया। इससे नाराज किसानों ने वहीं पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कलेक्टर और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की। संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने कहा कि किसान पहले से ही महंगाई, खेती की बढ़ती लागत और प्राकृतिक आपदाओं से परेशान हैं। ऐसे में सरकार के द्वारा लिए गए हिटलरशाही फरमान जिसमें पराली जलाने पर दर्ज प्रकरण किसानों पर अन्याय है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने को अपराध बताकर किसानों पर कार्रवाई करने के बजाय सरकार को पराली निपटान के अन्य वैकल्पिक उपाय उपलब्ध कराने चाहिए।

## किसानों ने अपने ज्ञापन में रखीं प्रमुख मांगें रखीं

- **पराली जलाने पर दर्ज सभी प्रकरण तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाएं।**
- **अतिवृष्टि से नष्ट फसलों का सही मूल्यांकन कर किसानों को मुआवजा दिया जाए।**
- **खाद एवं बीज की गुणवत्ता की जांच की जाए और मूल्य नियंत्रण के उपाय किए जाएं।**

दलहन, तिलहन और अन्य कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाए। किसानों को मिलने वाले कृषि उपकरणों और सिंचाई संसाधनों पर अनुदान का लाभ किसानों को सरलता से उपलब्ध कराया जाए।इसके साथ ही असमय बारिश की मार झेल रहे किसानों को रियायत प्रदान की जाए। किसानों के द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान कटरा बाईपास पर आज लंबा ट्रैफिक जाम लग गया, जिससे आम जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों से यातायात को संचालित कर स्थिति को नियंत्रण में रखा। किसानों ने कहा कि पराली जलाना उनकी मजबूरी है। क्योंकि आदिवासी जिला बाहुल्य मंडला में ज्यादातर किसान छोटे और मंझोले श्रेणी में आते हैं ऐसे में छोटे छोटे काश्तकारों को आधुनिक किस्म की खेती करने और सरकार द्वारा नए नए नियम कानून लागू करने की वजह से कृषि संयंत्रों को खीरद पाना मुश्किल है। इसके साथ ही मशीनों और संसाधनों की कमी के कारण फसल कटने के बाद खेतों में बचा अवशेष हटाना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि सरकार यदि पराली निपटान के लिए उपकरणों पर सब्सिडी और उचित प्रबंधन व्यवस्था आसानी से और कम दामों पर उपलब्ध कराए,। ज्ञापन प प्रदर्शन के दौरान किसानों ने किसान एकता ज़िंदाबाद, पराली जलाना अपराध नहीं, मजबूरी है और किसानों पर मुकदमे बंद करो जैसे नारे लगाते रहे।



# मंडला में दो बाइकों की टक्कर, छह घायल

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला में शुक्रवार को टिकरिया थाना क्षेत्र के भावल-गूजरसानी मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जबकि अन्य तीन का इलाज नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

### दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर

जानकारी के अनुसार, ग्राम गूजरसानी निवासी रामनाथ मरावी (21), रवि सिंह मरावी (20) और शिवराज यादव (20) एक बाइक पर सवार होकर भावल की ओर जा रहे थे। दूसरी बाइक पर ग्राम भावल निवासी धनेश्वर यादव (25) और अनिल यादव (40) गूजरसानी की ओर आ रहे थे। भावल-गूजरसानी मार्ग पर एक मोड़ पर दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई।

### पैदल जा रही महिला बाइक की चपेट में आई

इस दौरान पैदल जा रही ग्राम भावल निवासी युवती विराजो सैयाम भी बाइक की चपेट में आ गईं। हादसे में रवि सिंह मरावी का पैर घुटने से टूट गया, रामनाथ मरावी को सिर में गंभीर चोट आई और धनेश्वर यादव के पैर की उंगलियां टूट गईं। अनिल यादव, शिवराज यादव और विराजो सैयाम को भी हाथ-पैरों में चोटें आई हैं।

### गंभीर हालत में 3 लोग जबलपुर रेफर

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉ. राजेश अहिरवार और डॉ. राकेश विश्वनोई की टीम ने उनका उपचार किया। नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मियों ने घायलों की सक्रियता से मदद की। हालत गंभीर होने के कारण रामनाथ मरावी, रवि सिंह मरावी और धनेश्वर यादव को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। टिकरिया थाना पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भारतीय एकता दिवस 31 अक्टूबर पर मण्डला से विशेष.....

# अनेकता में एकता देश की विशेषता को आबाद रखने समाजसेवियों का स्वागत : पी.डी.खैरवार



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** भारत जैसे विशाल भू-भाग के चारों दिशाओं में सदियों से रहते आ रहे जनमानस की भाषा,वेशभूषा , रहन सहन, संस्कृति तथा खान पान में मौलिक विविधताएं यहां की मुख्य विशेषता है। इनके रहते हुए भी एकमेव निष्ठा, श्रद्धा,लक्ष्य और विश्वास अपने स्वतंत्र भारत देश के संवैधानिक अखंडता, संम्प्रभुता , सुरक्षा, स्वतंत्रता,समृद्धि और देश की चहुंमुखी उन्नति की ओर भारत अग्रसर है। भारत देश के आत्ममुग्ध, स्वार्थ जनित, स्वहित में सक्रिय, तथाकथित, स्वयंभू जनसेवक, समाज को रसातल में ले जाने में कोई चूक भी नहीं कर रहे हैं,जो सर्वांगीण विकास में बाधक का काम करते हैं ? ।जिन पर विश्वास करके सुख-दुख में आवाज बनने जनता मतदान कर अपना नेता चुनती है पर नतीजा कुछ और । समुदायों,जातियों और धर्मों के नाम पर दूषित राजनीति में मशगूल ऐसे राजनेताओं ने ही निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए,देश की विभिन्न आंचलिक विविधताओं में भी अटूट एकता की परम्परा और परिपाटी को तहस-नहस करके रख दिया है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में बसने वाले विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं, आस्थाओं , परम्पराओं के मानने वाले भोले भाले जनमानस का भावनात्मक शोषण और भयादोहन करते हुए उन्हें उनकी बोली, भाषा, जाति, फिरका, सूबे के आधार पर बांटने में एंड़ी चोटी का जोर ऐसे लोग लगाए हुए हैं। जो कि उनके राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति का अत्यंत सरल और सुगम जरिया बना हुआ है। जिससे देश की विविधता में एकता की सुदृढ एवं अटूट परंपरा/परिपाटी तेजी से घटते क्रम में जा रहा है। जबकि भारत देश के विभिन्न सूबों के विशेष रूप से समस्त संस्कृतियों , भाषाओं, आस्थाओं को एकीकृत करके समेट रखे भारत देश के वक्षस्थल, हृदय प्रदेश हमारे एक प्रदेश मध्यप्रदेश है। जिसके सताए,पीड़ित,लाचार,बेवस जनता को उनके संवैधानिक हक, अधिकार तथा समुचित न्याय दिलाकर उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करा पाने में फिरका परस्त तथाकथित जनसेवक राजनेताओं को कोई रुचि नहीं है, क्योंकि देश और प्रदेश की आम जनता को उनके रोज मर्रा की बुनियादी जरूरतों की समस्यायों का न्यायोचित समाधान हो जाने पर ऐसे जातिवादी, फिरका परस्त, भाषा और वेशभूषा की राजनीति करने वाले स्वार्थी राजनेताओं की राजनीति की दुकानों के बंद हो जाने का खतरा सताता रहता है। यह जरूर है,कि ऐसे स्वार्थी कथित जनसेवकों की पूंछ परख तभी तक हो सकती है, जब तक देश और प्रदेश की आमजनता इनके भावनात्मक भयादोहन और शोषण के इनके जबड़ों में जकड़ी रह कर इनकी कठपुतली बनी रहेगी।

### आज की आवश्यकता

अस्तु आज आवश्यकता इस बात की है , कि देश और प्रदेश के संवेदनशील , नैतिक, ईमानदार,बेदाग भले लोग जातिगत , समुदाय गत,दलगत क्षेत्रगत राजनीति विचारों से ऊपर उठकर एक साथ एक जनमंच में रहकर अपने संवैधानिक हक एवं अधिकारों से तथा समुचित न्याय पाने से वंचित और उपेक्षित सताए, पीड़ित, लाचार,बेवस आमजनता को उनके संवैधानिक हक एवं अधिकार तथा उन्हें समुचित न्याय दिलाने की प्रभावी मुहिम चला कर देश व प्रदेश की आमजनता के दु:ख दर्दों को बांटने के लिए उनके साथ खड़े होकर मददगार बनकर उन्हें जातिवादी, मजहबी, भाषाई और क्षेत्रीय रुप से बांटने वाले कथित समाजसेवकों का लिवास पहने लोगों के जबड़ों से निकाल कर भारत देश की संवैधानिक मुख्य धारा में लाने के लिए प्रयत्नशील बने रहने में क्षमतानुसार भागीदारी निभाते रहने वाले समाजसेवियों का स्वागत है, आवाहन है ।

**पी.डी.खैरवार ( समाजसेवी )**




# पानी की समस्या को लेकर जगन्नाथर में नेशनल हाईवे जाम

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** लंबे समय से पानी की समस्या झेल रहे जगन्नाथर गांव के ग्रामीणों ने आज आखिरकार नेशनल हाईवे पर जाम लगाकर अपना आक्रोश जताया। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद भी पानी की समस्या का समाधान नहीं किया गया, जिससे लोग बेहद परेशान हैं। हाईवे जाम की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की जा रही है। बताया जा रहा है कि जगन्नाथ क्षेत्र के सभी ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आकर ठोस समाधान का आश्वासन नहीं देते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# ग्राम पंचायत इमलीटोला के ग्रामीण जनों ने बारिस से फसल खराब होने पर एस.डी एम को सौंपा ज्ञापन की मुआवजे की मांग





**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** जिले की तहसील मुख्यालय घुघरी में विगत दिनों हुई भारी बारिश के कारण हुए फसल नुकसान को लेकर ग्राम वासियों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन देकर मुआवजे की मांग की गई है। ठण्ड के मौसम में हुई बेमौसम बारिश के चलते किसानों के माथे पर सिकन देखी जा सकती है क्योंकि इस बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है जिससे उनकी सालभर की जीवन यापन की के मार्ग में अवरुद्धता पैदा कर दी है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि फसल का नुकसान देखते हुए जांच कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की गई है.. बेमौसम की बारिश से फसल ईओ नुकसान हुआ है जिसके मुताबिक शासन से मुआवजे की मांग की गई है और किसान का पूरा जीवन यापन केवल खेती पर ही निर्भर रहता है जिस पर बेमौसम बारिश का कहर टूट चुका है जिसके मुआवजे के लेकर ज्ञापन दिया गया है।

# बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना के तहत 56 इकाइयों का वितरण

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** ग्रामीण आजीविका सशक्तिकरण एवं स्वावलम्बन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना अंतर्गत मुख्य ग्राम इकाई नारा एवं विकासखंड मोहगांव में 56 इकाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में चयनित हितग्राहियों को कुक्कुट पालन के लिए आवश्यक सामग्री एवं प्रशिक्षण संबंधी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि करना तथा पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कुक्कुट पालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बैकयार्ड मॉडल के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं एवं स्व-सहायता समूह भी आत्मनिर्भर बन रहे हैं। इस योजना के तहत लाभार्थियों को उच्च नस्ल के चूजे, दाना-पानी की व्यवस्था और देखरेख संबंधी दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। वितरण कार्यक्रम में पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा गोपनीय सामग्री का वितरण 1 नवम्बर को

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की जाने वाली कक्षा नवमीं से बारहवीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं को संपन्न कराने के लिए गोपनीय सामग्री का वितरण 1 नवम्बर को प्रात: 11 बजे से समन्वयक संस्था शासकीय रानी अवंती बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मण्डला से किया जायेगा। इसके लिए बोर्ड परीक्षा प्रभारी श्री महेन्द्र श्रीवास द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गोपनीय सामग्री प्राप्त करने के लिए समस्त शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी विद्यालय के प्राचार्यों को निर्देश जारी किये गये हैं वे स्वयं अथवा अधिकृत प्रतिनिधि को आवश्यक पेटी, मजबूत ताला, सील, चपरा आदि के साथ भेजकर गोपनीय सामग्री प्राप्त कर विद्यालय के निकटतम पुलिस थाना चौकी में सुरक्षित रखेंगे तथा समय सारिणी के अनुसार अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं का आयोजन कराना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा शुल्क जमा करने सम्बंधी पावती साथ में लाना अनिवार्य होगा।

### मंत्री संपतिया उइके ने दिखाई हरी झंडी; बोलीं- सरदार पटेल की सोच ने देश को जोड़ा

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर मंडला में रन फॉर यूनिटी



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर गुरुवार को मंडला में ह्यरन फॉर यूनिटी और ह्यसाइबर जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ, जिसमें लोगों को राष्ट्रीय एकता और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।**

**मंत्री संपतिया उइके ने दिखाई हरी झंडी-** कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ सरदार पटेल तिराहे से शुरू होकर महात्मा गांधी स्टेडियम तक निकाली गई। इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं, अधिकारी-कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों, सीआरपीएफ जवानों, सामाजिक कार्यकताओं और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

**एकता और साइबर सुरक्षा की दिलाई शपथ-** दौड़ के समापन पर महात्मा गांधी स्टेडियम में प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता और साइबर जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इसी के साथ जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों और थानों में भी एकता दिवस की शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**मंत्री बोलीं- सरदार पटेल की सोच ने देश को जोड़ा-** मंत्री संपतिया उइके ने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदृष्टि और मजबूत नेतृत्व के कारण आज भारत एक सूत्र में बंधा है। उन्होंने सभी से उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने की अपील की।

**कलेक्टर बोले- ह्लराष्ट्र की अखंडता का संदेश-** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि सरदार पटेल की जयंती पर जिलेभर में ह्यरन फॉर यूनिटीह्ल का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन लोगों में एकता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। **साइबर सुरक्षा पर भी दिया जोर-** वहीं एसपी रजत सकलेचा ने कहा कि इस दौड़ के माध्यम से लोगों को समरसता और भाईचारे के साथ-साथ साइबर सुरक्षा का भी संदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह में जिलेभर में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए गए थे। ह्यसाइबर अवेयरनेस रनह्ल उसी अभियान का हिस्सा है।



# जिले में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिलेभर में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय कार्यालयों एवं विभिन्न संस्थाओं में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकता, अखंडता और देश की सुरक्षा बनाए रखने का संकल्प लिया। जिला कलेक्ट्रेट परिसर, जिला पंचायत परिसर मंडला, तहसील नैनपुर, कार्यालय पशु पालन एवं डेयरी विभाग मंडला, डाइट मंडला, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जनपद पंचायत बीजाडांडी, जिला शिक्षा कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सहित अन्य विभागों के कार्यालयों में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।




स्वामी,प्रकाशक, मुद्रक, मुकेश श्रीवास द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन जबलपुर 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं सिविल लाईन जवाहर वार्ड मंडला से प्रकाशित। प्रधान संपादक-मुकेश श्रीवास, सिविल लाईन, जवाहर वार्ड मंडला । मो. 9406771592, संपादक - प्रहलाद उइके
RNI. Reg. No MPHIN/2016/69877 (समाचार पत्र के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार मंडला) Email:- revanchaltimes@gmail.com web-revanchaltimes.in

# रन फॉर यूनिटी में दौड़ा शहर, सांसद ने दिखाई हरी झंडी

## एक घंटा देरी से शुरू हुआ कार्यक्रम, एकता, अखंडता और सुरक्षा के साथ सायबर जागरूकता की दिलाई गई शपथ








**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** शुक्रवार 31 अक्टूबर को बालाघाट शहर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जन्मजयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। सांसद भारती पारधी ने हरी झंडी दिखाकर रन की शुरूआत की। यह एकता दौड़, पुलिस लाइन बालाघाट से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक, आंबेडकर चौक, हनुमान चौक, सुभाष चौक, कालीपुतली चौक से होते हुए आंबेडकर चौक पहुंची। जहां इसका समापन किया गया। पुलिस लाईन में निर्धारित समयावधि से एक घंटा बाद कार्यक्रम शुरू किया गया।

अतिथि ही 50 से 60 मिनट की देरी पर पहुंचे। कार्यक्रम में अतिथि सांसद भारती पारधी, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, सरदार पटेल विश्वविद्यालय कुलाधिपति इंजी. दिवाकरसिंह, आईजी संजय कुमार, डीआईजी विनित जैन, कलेक्टर मृणाल मीणा, एसपी आदित्य मिश्रा सहित अन्य भाजपा नेता, पदाधिकारी और आम नागरिक और विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सरदार वल्लभभाई पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। कार्यक्रम में देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के साथ ही सायबर जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

आपको बताते चले कि बालाघाट में लौहपुरूष, देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री और स्वतंत्र भारत में देशी रियासतो के एकीकरण में महान चुनौती को सफलतापूर्वक हल करने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जन्मजयंती पर एकता के लिए दौड़ का आयोजन किया गया।

### आईजी ने पूरी की दौड़

आईजी संजय कुमार, अतिथि के साथ ही रन फॉर यूनिटी में एक धावक के रूप में दिखाई दिए। जिन्होंने पुलिस लाईन से शहर के प्रमुख चौराहो से होकर आंबेडकर चौक तक तकरीबन तीन किलोमीटर की दौड़ लगाई।

### थम गया ट्रेफिक

रन फॉर यूनिटी के आयोजन के दौरान सड़क पर दौड़ लगाते अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थियों और आम लोगों के लिए कुछ समय तक ट्रेफिक थमा रहा। जिस-जिस मार्ग से धावकों ने दौड़े, उस मार्ग पर आवागमन को रोक दिया गया था। आयोजन में एसडीएम गोपाल सोनी, एएसपी आदर्शकांत शुक्ला, सीएसपी वैशालीसिंह कराहलिया, एसडीओपी अभिषेक चौधरी सहित प्रशासनिक अमला भी मौजूद रहा।







## राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ लेकर यूनिटी आफ रन मे जवानों ने लगाई दौड़


**दैनिक रेवांचल टाइम्स किरनापुर।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 07 बटालियन द्वारा बडगाव, किरनापुर, जिला बालाघाट स्थित मुख्यालय परिसर में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बड़े उत्साह व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय एकता के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने हेतु कार्यकमों का आयोजन दिनांक 31/10/2025 को किया गया। जिसके तहत् यूनिटी आफ रन का आयोजन किया गया जिसमें जवानों के साथ ही सिविल नागरिकों ने भी बढचढ कर भाग लिया। तत्पश्चात् बटालियन के कमाडेंन्ट, कपिंग गिल ने उपस्थित अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवायी तथा अपने संबोधन में सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता, एवं अखण्ड भारत की सोच के बारे में विस्तार रूप से अवगत कराया। इस आयोजन के दौरान वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी भारद्वाज राजेश हरि प्रसाद, उप कमाडेंट रविन्द्र सिंह, डॉ. विवेक द्विवेदी, बटालियन के अधीनस्थ अधिकारी एंव जवान उपस्थित थे।


## सांसद श्रीमती पारधी का दौरा कार्यक्रम

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी 01 नवंबर प्रात: 10 बजे आमजन एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट करेगी। प्रात: 11 बजे वह सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में आयोजित मप्र स्थापना दिवस समारोह में सम्मिलित होगी तथा दोपहर 02:30 बजे भाजपा कार्यालय बालाघाट में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान युवा सम्मेलन में शामिल होगी।

# पटवारी खेतो के किनारे से खेत देखकर लौट रहे किसान बोले बर्बाद हो गए हम, सरकार मुआवजा दे

## कृषि विभाग बोला 2 से 5 प्रतिशत हुआ है नुकसान







**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** जिले में गुरूवार को पूरे दिन और शुक्रवार को रूक-रूककर हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बड़ा दी है। खेतो में कटाई में आ चुकी धान और कई खेतो में कटी धान पर बारिश आफत बनकर गिरी है। धान के साथ ही कोदो कुटकी की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि कृषि विभाग के उपसंचालक फूलसिंग मालवीय, इसे ज्यादा नुकसान नहीं मानते है। वह बताते है कि जिले में धान और कोदो कुटकी की फसल को यदि बारिश से जो नुकसान पहुंचा है, वह 2 से 5 प्रतिशत ही है। जबकि किसान, बताते है कि बारिश ने ना केवल हमारी फसल को बर्बाद कर दिया बल्कि, हमरे सपने भी टूट गए। बच्चों के विवाह और पड़ाई के सपने पर बारिश ने पानी फेर दिया।

जिले में वैसे तो बारिश से हर जगह नुकसान पहुंचा है लेकिन लांजी क्षेत्र में मौसम परिवर्तन के कारण किसानो की खेतो में काटकर रखी गई फसल और खड़ी फसल, बारिश से खेतो में भींग रही है। धान का दाना काला पड़ता दिखाई दे रहा है और किसान, धान को देखकर, रो रहा है।

बेमौसम बारिश ने किसानों की मुसीबत बड़ा दी है। क्षेत्र में बारिश से किसानों की फसलों को हुए नुकसान के आंकलन के लिए एसडीएम ने सर्वे के निर्देश दिए है। जिसे बाद पटवारी और कृषि विभाग की टीमे मैदान में उतरी है, बावजूद इसके किसानों का आरोप है कि पटवारी खेत तक नहीं आ रहे है केवल खेत के सामने खड़े होकर देखकर चले जा रहे है। लांजी के चिचोली निवासी की तकरीबन 2 एकड़ में बोई गई धान खराब हो गई है, जिससे उसे फसल के भरोसे जीवन की चिंता सता रही है। बापड़ी निवासी कमलचंद बनोटे, काटी गई धान के खेत में बारिश से भींग जाने और खेत में लगी धान के झुक जाने से चितिंत है। किसान उदेलाल रतोने को फसल बर्बाद होने से बच्चो के विवाह और भविष्य की चिंता खाए जा रही है।

जिले में हो रही बेमौसम बारिश से किसानों की टेंशन बड़ गई है। बारिश से प्रभावित हुई फसलों के बाद अब किसानों की मांग है कि इस नुकसान पर अब उन्हें सरकार मुआवजा दे।

एसडीएम कमलचंद सिंहसार के फसल क्षति सर्वे के निर्देश तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कृषि विकास अधिकारी तथा सभी पटवारियों को सक्रिय रूप से सर्वे करने के निर्देश दिए है लेकिन किसान का आरोप है कि अमला, खेतो के सामने से ही देखकर लौट जा रहा है, जिससे सर्वे को चिंता होने लगी है।

हालांकि कई जगह पर पटवारी, आरआई तथा कृषि विभाग की टीमें गांव-गांव पहुंचकर किसानों की फसलों के नुकसान पर जानकारी ले रही है।

# बालाघाट नगर में जन सुरक्षा हित में आज से हैलमेट पहनना अनिवार्य

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने एक बयान जारी करते हुए बताया कि बालाघाट शहर में शासन के निर्देशों के अनुसार पुलिस प्रशासन द्वारा 1 नवंबर से जनहित और जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है, और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह कदम आवश्यक है। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे हेलमेट का नियमित उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।हैलमेट खरीदते समय दुकानदार से पक्का बिल जरूर लें जिसमें हेलमेट की समस्त जानकारी दर्ज हो अगर कोई दुकानदार बिल देने में असमर्थता जताता है तो इसकी सूचना जिला प्रशासन को दें जिससे संबंधित पर कार्रवाई की जा सकती है।

इसी क्रम में, पुलिस प्रशासन द्वारा शहर के यातायात को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रमुख मार्गों पर बैरिकेटिंग लगाई गई है, जिससे यातायात का प्रवाह सुरक्षित और नियंत्रित बना रहे। नगर पालिका अध्यक्ष ने नागरिकों से अपेक्षा करते हुए कहा कि वे इन व्यवस्थाओं का पालन करें और निर्धारित मार्गों एवं संकेतों के अनुसार ही अपने वाहनों का संचालन करें।

### जल्द ही बालाघाट में लगेंगे ट्रैफिक सिग्नल

नगर पालिका अध्यक्ष ने आगे बताया कि आगामी समय में बालाघाट शहर में ट्रैफिक सिग्नल की स्थापना के लिए नगर पालिका द्वारा तकनीकी विशेषज्ञों से निरीक्षण (सर्वे) करवाया गया है। विशेषज्ञों ने काली पुतली चौक और डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक में ट्रैफिक सिग्नल लगाने की अनुमति प्रदान की है।जिसके लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है ।

नगर पालिका प्रशासन ने बताया कि इस माह के भीतर ही दोनों स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने की व्यवस्था पूरी कर ली जाएगी। इसके साथ ही, शहर के विभिन्न स्थानों पर संकेतक बोर्ड, चेतावनी लाइट, कन्वेक्स मिरर (Curve Mirrors) और अन्य जन सुरक्षा उपकरण भी लगाए जाएंगे, जिससे नागरिकों को यातायात दिशा और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके।

### अतिक्रमण हटाने पर भी होगी सख्त कार्रवाई

नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि आगामी समय में शहर के यातायात को और अधिक व्यवस्थित करने के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ संयुक्त चर्चा की जाएगी,

ताकि ऐसे स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा सके, जहां से यातायात का प्रवाह बाधित होता है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई संपूर्ण जनहित में की जाएगी, ताकि बालाघाट शहर की सड़कों पर सुगम, सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। वहीं छोटे दुकानदारों रैहड़ी-ठेले वालों को भी व्यवस्थित किया जाएगा।

**जन सुरक्षा - सबकी जिम्मेदारी**

**हेलमेट पहनें, नियम मानें, जीवन बचाएँ। सुरक्षित यातायात, समृद्ध बालाघाट।**

# देव उठनी ग्यारस पर बाल विवाह रोकथाम कि लिए, जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन




**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला सोलंकी के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर बालाघाट प्रशासक सुश्री रचना चौधरी द्वारा मिशन शक्ति हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वुमेन एवं बेटी बचाओं बेटी पढाओं के अंतर्गत निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में 31 अक्टूबर को बैहर विकासखंड के ग्राम सोनपुरी उकवा, कटंगी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बोनकट्टा में देव उठनी ग्यारस 02 नवंबर 2025 के अवसर पर बाल विवाह होने की संभावना को देखते हुए महिलाओं को जानकारी प्रदाय की गई।

इस दौरान बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लकी और 21 वर्ष से कम आयु के लडके का विवाह किया जाना दण्डनीय अपराध है, जिसमे बालकों की मानसिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ संबंधी समस्याए उत्पन्न होती है एवं रोजगार के अवसर भी समाप्त हो जाते है क्योंकी बालको की शिक्षा पूर्ण नही हो पाती जिससे प्रगति में रोक लग जाती है। बाल विवाह की शिकायत पुलिस, बाल कल्याण समिति, सीएमपीओ, चाइल्ड लाइन 1098, एनजीओ में दे सकते है। बाल विवाह एक संज्ञेय एवं गैर जमानतीय अपराध है, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह कराना एक दण्डनीय अपराध है ऐसा करने पर 2 वर्ष तक का कठिन कारावास व 01 लाख रूपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

# 1 नबंवर से नगरपालिका बालाघाट में कई जनकल्याणकारी योजनाओं की नि:शुल्क सुविधाऐं प्रारंभ होगी, टेलीलॉ नि:शुल्क कानूनी सलाह

### ईश्रम कार्ड, आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा नि:शुल्क मिलेगी




**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस 1 नबंवर 2025 से नगरपालिका बालाघाट में जनसामान्य की सुविधा को ध्यान में रखते हुये अनेक नि:शुल्क सुविधाऐं प्रारंभ की जा रही है जिसमें प्रमुख न्याय विभाग भारत सरकार की घर बैठे प्राप्त होने वाली नि:शुल्क कानूनी मार्गदर्शन टेलीलॉ, श्रम विभाग भारत सरकार का ईश्रम कार्ड, प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के अंतर्गत नवीन आयुष्मान कार्ड बनाने व प्रिंट प्राप्त करना, आभा कार्ड का पंजीयन करवा सकेगें। यह सभी सेवाऐं नगरपालिका के आयुष्मान सेवा केन्द्र के माध्यम से निश्शुल्क उपलब्ध करवायी जायेगी।

इसके साथ शासन की असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले के लिए संबंल योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, श्रम योगी मानधन पेंशन योजना जैसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में नि:शुल्क मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकेगें। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति भारती सुरजीतसिंह ठाकुर के विशेष प्रयासों से इन सभी जनकल्याणकारी महत्वपूर्ण सेवाओं की शुरूआत नगरपालिका बालाघाट में संभव हो पाया है। भारत सरकार की टेलीलॉ कानूनी सलाह के अंतर्गत पंजीकृत व्यक्ति, घर बैठे ही मोबाईल के माध्यम से मध्यप्रदेश के अनुभवी वकीलों से नि:शुल्क मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है। यह सभी निश्शुल्क सेवाऐं जनसामान्य के लिए नींव का पत्थर साबित होगी। नगरपालिका बालाघाट में नागरिकों को नि:शुल्क सेवाऐं प्रदान करने लिए अग्रणी नागरिक सुविधा केन्द्र सर्च इन्फोटेक को अधिकृत किया गया है।



## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फार यूनिटी का हुआ आयोजन



### राष्ट्रीय एकता की दिलाई गई शपथ



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर 31 अक्टूबर को बालाघाट में नेहरू युवा केंद्र बालाघाट, जिला प्रशासन एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण, केंद्रीय संचार ब्यूरो बालाघाट के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस लाईन से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। बालाघाट सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने रन फार यूनिटी को पुलिस लाईन से झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें बालाघाट रेंज के पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार, कलेक्टर मृणाल मीना, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी, श्रीमती लता एलकर अभय कोचर, मोनिल जैन, राकेश सेवईवार, समाजसेवी नरेंद्र भैरम, तपेश असाटी, अन्य गणमान्य नागरिक अधिकारी, स्कूल एवं कालेज के छात्र-छात्रायें शामिल हुए। इसके पूर्व पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी। रन फार यूनिटी-एकता दौ पुलिस लाईन से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए आम्बेडकर चौक पर समाप्त हुई। सांसद श्रीमती भारती पारधी ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि 1947 में देश जब आजाद हुआ था तो वह 500 से अधिक रियासतों में बंटा हुआ था। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने इन रियासतों का देश में विलय कर देश की एकता एवं अखंडता के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया और मजबूत राष्ट्र की नींव रखी। देश की एकता एवं अखंडता के लिए उन्होंने जिस दृढ़ता एवं मजबूती से कार्य किया है, उसके लिए उन्हें लौह पुरूष के नाम से जाना जाता है। आज सम्पूर्ण देश में सरदार पटेल की 150 वीं जयंती मनायी जा रही है। सरदार पटेल द्वारा देश की एकता एवं अखंडता के लिए किये गये कार्यों से प्रेरणा लेकर हम सभी संकल्पं करें कि भारत को एक मजबूत एवं सशक्त राष्ट्र बनायेंगें और देश की एकता के लिए दृढ़ता के साथ काम करेंगें।

## शासकीय सेवा में होने के बाद भी निजी क्लीनिक संचालित करने का मामला

# शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.आशुतोष बांगरे एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.गीता बारमाटे की पेथालॉजी क्लीनिक सील की गई





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर जिले में शासकीय सेवा में होने के बाद भी नियम विरूद्ध निज निवास पर पृथक से क्लीनिक संचालित करने वाले चिकित्सकों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 31 अक्टूबर को शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.आशुतोष बांगरे एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.गीता बारमाटे की पेथालॉजी क्लीनिक सील कर दी गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.परेश उपलप के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पंकज महाजन, नायब तहसीलदार श्रीमती मंजुलता महोबिया एवं सहायक सांख्यिकीय अधिकारी डॉ.श्रद्धा सिंह के दल द्वारा 31 अक्टूबर को थाना प्रभारी कोतवाली बालाघाट के सहयोग से भटेरा रो पर अमृतलाल यादव के मकान में डॉ. आशुतोष बांगरे शिशु रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय बालाघाट द्वारा संचालित नीजि क्लीनिक मातृ छाया चाईल्ड केयर क्लीनिक तथा डॉ.श्रीमती गीता बारमाटे स्त्री रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय बालाघाट द्वारा समता भवन रो, गौसिया मस्जिद के पास, बुी बालाघाट में संचालित सिटी पेथालॉजी लेब को सीलबंद किया गया।

निरीक्षण दल को डॉ. आशुतोष बांगरे द्वारा निरीक्षण के दौरान बताया गया कि उनके द्वारा स्वयं के निवास हेतु किराये पर भवन लेकर उसके ग्राऊण्ड फ्लोर में शिशु रोग चिकित्सकीय परामर्श सेवाएं दी जाती है, किन्तु डॉ. आशुतोष बांगरे द्वारा किराया अनुबंध पत्र निरीक्षण दल को प्रस्तुत नहीं किया गया। साथ ही निरीक्षण दल द्वारा भवन के प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल का भी निरीक्षण किये जाने पर किसी भी फ्लोर में डॉ.आशुतोष बांगरे के स्वयं अथवा परिवार के आवास होने का कोई प्रमाण नहीं मिलने के कारण उनके द्वारा संचालित मातृ छाया चाईल्ड केयर क्लीनिक को सीलबंद कर दिया गया है।

डॉ.श्रद्धा बारमाटे स्त्री रोग विषेषज्ञ के निज निवास परिसर का निरीक्षण करने पर उनके आवासीय भवन परिसर में सिटी पेथालॉजी लेब संचालित किया जाना पाया गया। पेथालॉजी लेब के लेटरहेड पर डॉ.श्रीमती गीता बारमाटे स्त्री रोगी विषेषज्ञ का नाम, योग्यता एवं पंजीयन क्रमांक अंकित पाया गया। पेथालॉजी लेब में लेब टेक्नीशियन ब्रज बिहारी ंगरे उपस्थित पाया गया, जिसकी योग्यता डी.एम.एल.टी.है, उसके द्वारा रोगियों के सेम्पल लेकर स्वयं ही परीक्षण कर हस्ताक्षर किये बिना ही परीक्षण रिपोर्ट दिया जाना बताया गया। इस पेथालॉजी क्लीनिक का मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार अधिनियम के अंतर्गत पंजीयन नहीं कराया गया है। पेथालॉजी लेब में उपलब्ध रोगियों के रजिस्टर को निरीक्षण दल द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेते हुये अवैद्य रूप से संचालित पेथालॉजी क्लीनिक को भी सीलबंद कर दिया गया।

इन दोनो चिकित्सकों द्वारा राज्य शासन के नियमों का उल्लंघन करने के साथ ही मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम के तहत दण्डनीय कृत्य किये जाने के कारण उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

## कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस






**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** राणा हनुमान सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव में 31 अक्टूबर को वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस.आर. धुवारे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डॉ. धुवारे ने कहा कि हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। इस दिन स्वतंत्रता सेनानीसरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई जाती है, जो देश के पहले गृह मंत्री भी थे। सरदार पटेल का स्वतंत्रता के बाद कई रियासतों को भारत संघ में शामिल होने के लिए राजी करने में योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

डॉ. धुवारे ने बताया कि सरकार ने साल 2014 में घोषणा की थी कि 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सरदार पटेल का पूरा नाम वल्लभभाई झावरभाई पटेल था उन्हें सरदार की उपाधि 1928 में बारडोली सत्याग्रह की सफलता के बाद मिली। भारत के एकीकरण के लिए पटेल के प्रयासों को पूरा देश लगातार याद करता है। इसका उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बड़ाना है। इस दिन स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी संस्थानों और संगठनों में निबंध प्रतियोगिताएं और देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

राष्ट्रीय एकता दिवस का संदेश है, एक भारत, श्रेष्ठ भारत। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय वारासिवनी के बी.एस.सी. (कृषि) अंतिम वर्ष के 24 छात्र ''ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव'' कार्यक्रम में उपस्थित रहें। कार्यक्रम में छात्र सचिन मालवीय, संजय सिंह राठौर, रजत शर्मा, अमन जैन ने सरदार वल्लभ भाई पटेल पर अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम में केन्द्र के मौसम वैज्ञानिक धर्मेन्द्र आगाशे, श्रीमति अन्नपूर्णा शर्मा एवं दीलिप कुमार शिव उपस्थित रहें।

## एसएसपी महाविद्यालय वारासिवनी ने मनायी सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय वारासिवनी में 31 अक्टूबर को लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का अयोजन किया गया। समारोह का प्रारंभ मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एनएसएस अधिकारी कृष्णा पराते ने अपने उद्बोधन में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पटेल का जन्म 31 अक्टुबर 1875 को नाडियाल गुजरात में हुआ था। सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत की स्वतंत्रा संग्राम के महान नेता एवं कुशल प्रशासक और देश की एकता के प्रतीक है। महाविद्यालय के एनसीसी इकाई के कैप्टन डॉ. हेमन्त कुमार मण्डाले ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में देश के हित के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल के दिखाये हुए मार्ग पर चलना अत्यन्त आवश्यक है।

समारोह में उपस्थित हिन्दी विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. रक्षा निकोसे ने अपने वक्तव्य में कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपना राजनीतिक जीवन सन 1917 में अहमदाबाद नगरपालिका के अध्यक्ष पद को प्राप्त करने के साथ किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. सरिता कोल्हेकर ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में कहा कि सरदार पटेल यथार्थवादी और दूरदर्शी थे, और यही कारण है कि भारत की स्वतंत्रता के पश्चात सन् 1948 में 562 रियासतों को भारतीय संघीय शासन में विलय किया। जो भारत के विकास को एक नयी गति एवं नई दिशा प्रदान करता है।

समारोह के अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्राचार्य डॉ. एसएस गेड़ाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय सिविल सेवा (आईएएस एवं आईपीएस) जैसी प्रशासनीय सेवाओं को संरक्षित कर उन्होंने प्रशासन को सशक्त और अनुशासित रूप प्रदान किया है। राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में जिला स्तर पर आयोजित रन फॉर यूनिटि में एनसीसी कैडेट आयुष लांजेवार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बड़ाया एवं इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा एनसीसी कैडेट आयुष लांजेवार को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मनित किया गया। समारोह में मुख्य रूप से श्रीमती सरिता नागवंशी, श्रीमती नंदनी टेम्भरे, श्रीमती रश्मिबाला पारधी उपस्थित रहे। समारोह का सफल मंच संचालन स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी नरेन्द्र कुमार डोंगरे द्वारा किया गया।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर पदयात्रा का हुआ आयोजन







**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट के सहयोग से 31 अक्टूबर को बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी के मुख्य आतिथ्य में सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के पश्चात पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह पदयात्रा सरदार पटेल विश्वविद्यालय से प्रारंभ होकर बंजारी घाट होते हुए अंबेडकर चौक, हनुमान चौक, गुजरी चौक, काली पुतली चौक होते हुए पुन: अंबेडकर चौक में संपन्न हुई। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्राजंल अग्रवाल जिला युवा अधिकारी माय भारत बालाघाट के द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में स्थानीय सांसद जनों के नेतृत्व में प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में तीन-तीन पदयात्राएं संपन्न होंगे। इसी प्रकार बालाघाट जिले में भी जिला प्रशासन, जिला खेल विभाग सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट, शैक्षणिक संस्थाएं अन्य सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती पारधी ने बताया कि सरदार पटेल के कृतित्व और व्यक्तित्व से प्रत्येक युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि किस तरह सरदार पटेल ने भारत के एकीकरण रियासतों का विलय का कार्य कर भारत की एकता को मजबूत किया है। हमारे देश में छोटी-छोटी रियासतों विलीनीकरण कर एक सशक्त भारत बनाने में सरदार पटेल का अमूल्य योगदान रहा है।

इस अवसर पर दिवाकर सिंह ने भी अपने उद्बोधन में सरदार पटेल के योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्रीमती भारती ठाकुर नगर पालिका अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष रमेश रंगलानी, विप्लव पॉल, विशाल मंगलानी प्रसाद, रमेश रंगलानी एवं आनंद कोचर सहित मीडिया के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई और युवाओं को एकता के स्त्रोत में बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित बैगा नर्तक दल द्वारा मनमोहक प्रस्तुती दी गई और पूरे नगर का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अजय सिंह बैस द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन श्री सी आर जंघेला द्वारा किया गया।

## कलेक्टर ने की जनजातीय कार्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा, एमपीटास पोर्टल पर छात्रवृत्ति के लिए शत प्रतिशत आवेदन कराना प्राचार्य की जिम्मेदारी



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना ने 31 अक्टूबर को जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग शकुंतला डामोर, सहायक संचालक विनय रहांगडाले एवं योजनाओं के शाखा प्रभारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में निर्देशित किया कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले में संचालित छात्रावासों के नियमित रूप से निरीक्षण के लिए अन्य विभागों के अधिकारियों का रोस्टर तैयार करें। प्रत्येक अधिकारी को निरीक्षण के लिए दो छात्रावास आबंटित किये जायें। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में बच्चों की उपस्थिति, भोजन, शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, पढ़ाई, बिजली, बिस्तर आदि की व्यवस्था देखेंगें और परख मोबाईल एप पर इसकी एंट्री करेंगें। कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में निर्देशित किया कि कोई भी विद्यार्थी एमपीटास पोर्टल पर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसी प्रकार आवास सहायता योजना का लाभ हर पात्र विद्यार्थी को मिलना चाहिए। संस्था के प्राचार्य को इस आशय का प्रमाण पत्र देना होगा कि उनकी संस्था के 100 प्रतिशत विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति के लिए एमपीटास पोर्टल पर आवेदन कर दिया है और आवास सहायता योजना के लिए भी आवेदन कर दिया है। यदि कोई छात्र छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित रह जायेगा तो संबंधित संस्था के प्रमुख से राशि की वसूली की जायेगी।

बैठक में निर्देशित किया गया कि जनजातीय कार्य विभाग की शालाओं एवं छात्रावासों में लगाये गये स्मार्ट टीव्ही का उपयोग बच्चों को स्मार्ट कक्षा के माध्यम से पढ़ाने में होना चाहिए। इनका उपयोग नहीं होना पाया जाने पर संबंधित संस्था के प्रमुख पर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या मामा एवं आम्बेडकर स्व रोजगार योजना के लक्ष्य के अनुरूप प्रकरण स्वीकृत कराने एवं उनमें समय सीमा में ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में सांदीपनी विद्यालय मलाजखंड, आमगांव एवं परसवाड़ा, कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट, परसवाड़ा एवं बैहर, आदर्श आवासीय विद्यालय मलाजखंड तथा एकलव्य विद्यालय उकवा व बैहर की स्थिति पर चर्चा की गई।